स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
2 फरवरी, 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष 1
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 164 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
**मूल्य : 3 रुपये**

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

# रक्षा बजट में 15% का इजाफा

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के आधुनिकीकरण पर खास फोकस



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश कर दिया है। वे 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं था। वे लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं।

- सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा
- 17 कैंसर मेडिसिन ड्यूटी फ्री

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में सीतारमण ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट रु. 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर रु. 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल रक्षा में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रक्षा बजट की खास बात यह है कि इसमें हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के रु.1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल रु. 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सरकार ने रविवार को 2026-27 के लिए रक्षा व्यय के रूप में 7,84,678 करोड़ रुपये आवंटित किए, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित की गई थी। कुल पूंजीगत व्यय 2,19,306 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 5,53,668 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,71,338 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं, जबकि नौसेना बेड़े के लिए 25,023 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने 2025-26 में रक्षा बजट के लिए 6,81,210 रुपये आवंटित किए थे। पूंजीगत व्यय 1,80,000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जो संशोधित अनुमान चरण में बढ़कर 1,86,454 करोड़ रुपये हो गया। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असैन्य, प्रशिक्षण और अन्य विमानों के निर्माण के लिए आवश्यक घटकों और पुर्जों पर मूल सीमा शुल्क से छूट देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने रक्षा क्षेत्र की इकाइयों द्वारा रखरखाव, मरम्मत या नवीनीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले विमान के पुर्जों के निर्माण हेतु आयातित कच्चे माल पर मूल सीमा शुल्क माफ करने की भी घोषणा की। इन दोनों फैसलों से रक्षा और अंतरिक्ष उद्योग को मदद मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय बजट 2025 में रक्षा यानी डिफेंस क्षेत्र के लिए कुल 6.8 लाख करोड़ रुपये के बजट का ऐलान किया गया था।

2024 में भारत का रक्षा बजट 6.21 लाख करोड़ रुपये था। ये राशि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.79 प्रतिशत ज्यादा थी। तब कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये बजट का आवंटन किया गया था।

बजट में रेलवे, विमानन और जल परिवहन क्षेत्रों के लिए कई बड़ी और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और आर्थिक विकास को गति देना है। केंद्रीय बजट 2026 में रेलवे को लेकर एक अहम फैसला लेते हुए सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है। इन कॉरिडोरों के जरिए देश के प्रमुख औद्योगिक और आर्थिक केंद्रों को तेज और आधुनिक रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर इस प्रकार हैं: मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में 20 नए जलमार्ग चालू किए जाएंगे। इसकी शुरुआत ओडिशा के नेशनल वॉटरवे-5 से होगी, जो तालचेर और अंगुल जैसे खनिज-समृद्ध क्षेत्रों को कलिंगनगर औद्योगिक केंद्र और पारादीप व धमरा बंदरगाहों से जोड़ेगा। इससे पर्यावरण के अनुकूल और कम लागत वाले कार्गो मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा।



### सस्ता

समुद्री खाद्य उत्पादों की प्रोसेसिंग के लिए शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ाई गई है। यह सस्ते होंगे। इसके जरिए मछलीपालन उद्योग से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी।

जूतों के ऊपरी हिस्सों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इनके शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी गई है। यानी विदेश भेजे जाने वाले जूतों की निर्माण लागत कम होगी। इससे देश में बिकने वाले जूते भी सस्ते होंगे।

चमड़े और वस्त्र परिधानों के निर्यात में व्यापारियों की सहायता करने के लिए इनके कच्चे माल के आयात पर छूट की समयसीमा एक साल बढ़ाई गई है। भारत में इनकी कीमत जस-की-तस बनी रहेगी।

लिथियम आयन सेल विनिर्माण में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) के क्षेत्र को मदद मिलेगी और यह सस्ते हो सकते हैं।

सोडियम एंटीमोनेट के आयात शुल्क पर मूल सीमा शुल्क में छूट। टीवी-शीशे की बनी चीजें और दमकल उपकरण सस्ते हो सकते हैं।

न्यूक्लियर परियोजनाओं के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट जारी रहेगी।

अहम खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट मिलेगी। इससे सेमीकंडक्टर क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा खनन और इसका प्रसंस्करण सस्ता होगा।

बायोगैस मिश्रित सीएनजी पर केंद्रीय सीमा शुल्क की गणना में बायोगैस के मूल्य पर छूट मिलेगी। यह सस्ती होगी।

एयरक्राफ्ट विनिर्माण के घटकों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट का प्रस्ताव। भारत में विमान बनाना सस्ता होगा। मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन मिलेगा।

### महंगा

शराब के लिए इस्तेमाल होने वाले एल्कोहल पर %स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) एक फीसदी से बढ़ाकर दो प्रतिशत किया गया। यानी शराब महंगी होगी।

कबाड़ पर भी टीसीएस को एक प्रतिशत से दो प्रतिशत किया गया। यानी कबाड़ महंगा होगा।

खनिजों, खासकर कोयले और लौह अयस्कों पर टीसीएस को एक प्रतिशत से दो प्रतिशत किया गया। यह महंगे होंगे।

आयकर की गलत जानकारी देने पर टैक्स की राशि का 100त्न जुर्माने का प्रावधान।

चल संपत्ति का खुलासा न करने पर जुर्माना लगेगा।

स्टॉक ऑप्शन्स और फ्यूचर ट्रेडिंग महंगी होंगी। लेन-देन पर टैक्स 0.02 से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत किया गया।



## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज ग्राम पंचायत बेलवा तिवारी में फॉर्मर रजिस्ट्री निर्माण हेतु आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर निर्मित फॉर्मर रजिस्ट्री की संख्या की जानकारी ली। पंचायत सहायक ने बताया कि आज कुल 08 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में किसान सम्मान निधि सहित सभी कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ फॉर्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही प्राप्त होगा।

इसी क्रम में डीएम सन्तोष शर्मा ने पीएचसी खुशहालनगर में आयोजित आरोग्य मेले का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरोग्य मेले में 42 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की भी हिदायत दी।

## रविदास जयंती पर निकली झांकियां

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के अंतर्गत बर्डपुर में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

समारोह की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन, उनके उपदेशों और सामाजिक समानता, भाईचारे व मानवता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से उपस्थित लोगों को संत रविदास जी के विचारों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर वक्ता सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु के प्रोफेसर बाल गंगाधर बागी ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और भेदभाव



मिटाने की प्रेरणा देता है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र में शांति, सद्भाव व सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान सांवल प्रसाद, सुरेश बौद्ध, महेंद्र कुमार, बृजलाल, शिवकरन, रामबचन राम, प्रदीप कुमार, श्रीपति चौधरी, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, सुभाष चंद्र, प्रकाश चंद्र, जावेद आलम, अमरजीत राव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक : विधायक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत बढ़नी चाफा स्थित राम दीन जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में समाजवादी पार्टी द्वारा विधायक सैय्यदा खातून के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत विधायक सैय्यदा खातून व मुख्य अतिथि कविन्दर चौधरी ने संत रविदास जी की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कप्तानगंज के विधायक कविन्दर चौधरी ने अपने संबोधन में भाजपा के नीतियों की विरोध करते हुए कहा कि आज समाज में जात पात का बोलबाला हो गया है। जिसके चलते देश की तरक्की थम सी गई है। भाजपा अपनी कुर्सी बचाने के लिए तरह-तरह के नियम लागू कर रही है। समाजवादी पार्टी हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। यह सभी धर्मों का सम्मान करना जानती है। भाजपा समाज में जहर घोलने का काम कर रहीं है। बगैर




आपसी भाईचारे के समाज का विकास संभव नही है।उन्होंने कहा कि डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून जी अपने विधानसभा की समस्याओं को उठाती हैं।2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी इसलिए आप सभी अभी से लग जाइए और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकिए।

विधायक सैय्यदा खातून ने उपस्थित क्षेत्रवासियों, बाजार वासियों का अभिनंदन स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी लोगों से अपील है कि अपना अपना एसआईआर फार्म पूरा करवा लें। जिससे वोटिंग के समय कोई दिक्कत न होने पाये। कुछ लोगों का फार्म में गडबड़ी की शिकायत है तो प्रशासन कैम्प लगा कर त्रुटि सुधार की व्यवस्था की है, वहां पहुच कर सही करवा लें।उन्होंने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे।उन्होंने जनसभा में आये सभी लोगों का दिल की गहराईयों से धन्यवाद किया।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि लाल जी यादव व विजय पासवान सहित अन्य नेता कार्यकर्ता ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर जहीर मलिक,पप्पू सिद्दीकी, सिंधू पासवान,घिसियावन यादव, पुत्तन, आजाद जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, बेचई यादव, फुजैल अहमद, फैजान अहमद, डा अली मजहर, मिथुन यादव, जितेन्द्र पटेल सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केंद्रीय बजट को लेकर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**महराजगंज।** रविवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के महराजगंज स्थित आवास पर केंद्रीय बजट का सजीव प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर जिले के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एकत्र होकर देश के आर्थिक भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण बजट को गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।

बजट प्रसारण के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

बजट में गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर किए गए प्रावधानों को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने इसे विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला बजट बताया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और



बजट में शामिल प्रावधानों को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा, ताकि आम लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके।

इस अवसर सानन्दन पटेल, लालजी गुप्ता, शिवांश अग्रहरी, अभिषेक त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, शहद अली, आकाश अग्रहरी, अरविंद खरबार, राहुल त्रिपाठी, बदरूद्दीन, शिवम् पाण्डेय, मृत्युंजय पटेल, दयाशंकर रौनियार, विश्वामित्र पटेल, उग्रसेन, सन्नी अग्रहरी, राकेश गुप्ता एवं श्यामनरायन यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी का सामान जलकर राख

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**तुर्कपट्टी कुशीनगर।** रविवार की सुबह करीब सात बजे धर्मपुर पर्वत के लगड़ीपट्टी निवासी अमित सिंह के घर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा घरेलू सामान व बिटिया के विवाह के लिए संजोकर रखी गई समूची सामग्री जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में निधि सिंह पुत्री स्व. सुभाष सिंह के विवाह हेतु रखे गए कपड़े, गहने व विदाई की पूरी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। चार सूटकेस, दो पेटी, ट्राली बैग, विवाह के लिए रखा धन व बेटी के श्रृंगार की सामग्री भी आग की भेंट चढ़ गई।



परिजनों के अनुसार छह फरवरी को तिलक व बारह फरवरी को विवाह प्रस्तावित था। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम पसरा है व विवाह की तैयारियां ठप पड़ गई हैं। लेखपाल परीक्षित ने अहेतुक सहायता हेतु तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी। प्रधान प्रतिनिधि अमर हिन्दुस्तानी, वीरेंद्र सिंह, गोरख भारती, ब्रजेश सिंह, संजीव सिंह, सतीश सिंह, उपेंद्र सिंह ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, जनवरी-2026 के समापन अवसर पर कल देर सायंकाल को जिला सड़क सुरक्षा समिति, जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति तथा नो हेलमेट-नो फ्यूल के कड़ाई से अनुपालन से संबंधित बैठक का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) वैभव मिश्रा एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रेम कुमार राय की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया।



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए गए। समस्त संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया।

जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) द्वारा जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों को अनफिट विद्यालय वाहनों का संचालन न करने, समस्त स्कूल वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित कराने तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं एनजीओ द्वारा सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वालों में अजय कुमार गिरी, वाहिद अली (रोटरी क्ल ब), पारसनाथ (उच्च शिक्षा विभाग/रोड सेफ्टी क्लब), वृजेश मोहन यादव एवं तेज बहादुर (गुड सेमेरिटन), नीरज बंका (स्काउट एवं गाइड), विजय कुमार राय (जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय), राहुल सोनी एवं मनोज वर्मा (सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी), सोनू पांडेय (यातायात विभाग), राम ख्याली सत्यार्थी, सुहेल अंसारी एवं शिव कुमार (परिवहन निगम) शामिल रहे।

## आम बजट से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी रफ्तार : पंकज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**महराजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026 को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह बजट भारत को वैश्विक विनिर्माण, तकनीक और नवाचार का केंद्र बनाने की ठोस नींव रखता है।

उन्होंने कहा कि बायोफार्मा शक्ति परियोजना के तहत अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश से भारत को वैश्विक जैव-फार्मा विनिर्माण हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे जैविक व जैव-सदृश दवाओं का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अत्याधुनिक तकनीक में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए पंकज चौधरी ने बताया कि इंडिया सेमिकंडक्टर मिशन (ढ्ढस्रू) 2.0 शीघ्र शुरू किया जाएगा। वहीं इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र को नई गति देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट विनिर्माण योजना का परिव्यय बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है।

वस्त्र एवं ग्रामीण उद्योगों के लिए बजट को दूरदर्शी बताते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल, समर्थ 2.0 मिशन और राष्ट्रीय फाइबर नीति के जरिए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प, कौशल विकास और आधुनिक तकनीक को समग्र समर्थन मिलेगा। इससे ग्रामीण रोजगार को मजबूती मिलेगी और पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान मिलेगी। बुनियादी ढांचे पर सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली-वाराणसी सहित सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।

## दिनदहाड़े चाकूबाजी से दहशत, युवक गंभीर

**दुदहीं/कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े हुई चाकूबाजी की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। चटंगवा पुल के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने चाकू से युवक पर वार करते हुए जानलेवा हमला करने का प्रयास किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय आसपास खेतों में काम कर रहे कुछ लोगों ने शोर मचाया। हल्ला होते ही बदमाश चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घायल युवक की पहचान इरफान अंसारी के रूप में हुई है, जो कोठी गांव का निवासी बताया जा रहा है। हमले के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज कुशीनगर ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने उसे वार्ड में भर्ती किया है।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए ग्राम पंचायत सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु महोत्सव 2026 के अवसर पर विकास खंड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत पकडिहवा को किए गए सराहनीय एवं जनहितकारी कार्यों के लिए पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। पंचायत में कराए गए विकास कार्यों, स्वच्छता, जनसेवा और प्रशासनिक सक्रियता को देखते हुए ग्राम प्रधान यशोदानंद मिश्रा एवं पंचायत सचिव रविकांत यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान एवं कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर दोनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायत पकडिहवा ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और पारदर्शिता के साथ कार्य कर अन्य पंचायतों के लिए मिसाल पेश की है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधान यशोदानंद मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान पूरी ग्राम पंचायत टीम और ग्रामवासियों के सहयोग का परिणाम



है। वहीं सचिव रविकांत यादव ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी शासन की योजनाओं को ईमानदारी और निष्ठा के साथ धरातल पर उतारा जाएगा।

इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत पकडिहवा में खुशी का माहौल रहा तथा स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## श्रद्धा व उत्साह के साथ मनी रविदास जयंती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनौरा में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

समारोह की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन, उनके उपदेशों और सामाजिक समानता, भाईचारे व मानवता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से उपस्थित लोगों को संत रविदास जी के विचारों से अवगत कराया गया।

इस अवसर आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारती ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और भेदभाव मिटाने की प्रेरणा देता है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र में शांति, सद्भाव व सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारती, नौशाद आलम, मंगेश यादव, वासुदेव कसौधन, शत्रुघन प्रसाद, जगदीश, जय प्रकाश, सुबाश टाइगर, महेंद्र कुमार बोध पप्पू बोध, राम मिलन, राम अचल, चरितर, केशारे आदि लोग उपस्थित रहे।

## सफलता के लिए एकाग्रता व निरंतरता आवश्यक : सुरेंद्र

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**बस्ती।** लिटिल फ्लावर्स स्कूल, सुरेन्द्र नगर कटरा में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक, प्रेरक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रधानाचार्य अपर्णा सिंह के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा एवं विद्यालय की संस्थापिका स्वर्गीय मधुरानी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

छात्रा शिवांशी शुक्ला ने अपने सहयोगियों के साथ सरस्वती नमस्तुभ्यं सरस्वती वंदना नामक गीत पर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर समा बाँधा।

इसी क्रम में सिद्धार्थ, अदिति, ऋतंभरा, रितिका, आस्था एवं नंदन ने गीत की प्रस्तुति देकर सभी की आँखें नम कर दीं।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा-12 वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान



किए गए।

प्रबंधक ने कहा कि सफलता के लिए एकाग्रता एवं निरंतरता आवश्यक है।

प्रधानाचार्या अपर्णा सिंह ने स्वरचित कविता अभी परिंदों को शुमार करना है, कल बताएंगे किस पर वार करना है, बड़ा गुरूर है दरिया तुम्हें पानी पर, हमें भी जिद है दरिया को पार करना है, के माध्यम से कहा कि विद्यार्थियों के लिए अध्ययन ही सफलता की कुंजी है, के साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एसडी द्विवेदी, रमाकांत द्विवेदी, तपन कुमार घोष, श्रीकांत, विकास चतुर्वेदी आदि ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार भट्ट के मार्मिक एवं सारगर्भित संबोधन से हुआ।कार्यक्रम का संचालन रितिका दुबे एवं श्रेया पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या तिवारी, अंशिका सिंह, निष्ठा पांडेय, अर्पिता सिंह, प्रीती अस्थाना, कोमल, मधु सिंह, रुचि, तन्मय पांडेय, वैभव पांडेय, रितिकेश सहाय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष पाल, श्रीकांत, प्रशांत, रजीत चौधरी, माता प्रसाद चौधरी, अभय पांडेय, जगदंबा प्रसाद, तैयब हुसैन, आलोक, विशाल, संदीप सिंह, यशवंत श्रीवास्तव, असरफ अली, अरसद, बब्लू सरोज सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## मिला सिर कटा गौवंश, तनाव

**दुदहीं/कुशीनगर।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हरा बुजुर्ग गांव में रविवार सुबह गाय के बछड़े का कटा सिर नेटुआ वीर बाबा के स्थान पर पाया गया। घटना के सूचना पते ही लोग की भरी भीड़ जमा हो गई वहीं ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत होने से आक्रोश व्याप्त है प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह टहलने निकले कुछ युवकों की नजर जब बाबा के स्थान पर पड़ी तो वे सन्न रह गए मामले की गंभीरता को भांपते हुए युवकों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन हरकत में आया और बिशुनपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। प्रारंभिक जांच में इसे असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करना और सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाना माना जा रहा है। पुलिस ने गोवंश के अवशेषों को विधिसम्मत ढंग से हटवाकर आवश्यक कार्रवाई की।

## गैर जनपदीय चोर गिरफ्तार, जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**परसरामपुर/ बस्ती।** थानाध्यक्ष विश्वमोहन राय के कुशल नेतृत्व में थाने में पंजीकृत धारा 305 ए, 317(2) बीएनएस थाना परसरामपुर जनपद से सम्बंधित अभियुक्त शोभित अवस्थी उर्फ भीमा पुत्र राम शंकर निवासी ग्राम प्रिया कोडर थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर उम्र करीब 35 वर्ष को 31 जनवरी 2026 को समय 12¬50 बजे मडेरिया तिराहा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के पास से चोरी के बीस हजार रूपये नगद बरामद हुआ।

घटना 28 जनवरी 2026 की रात्रि को अभियुक्त श्रीराम ढाबा घघौआ पर खाना खाने के बहाने बैठा तथा सही समय देखकर काउंटर से बीस हजार की गड्डी लेकर फरार हो गया।

ढाबा संचालक ने अगले दिन थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर देकर घटना की सूचना दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर टीम गठित कर चोरी गई संपत्ति की बरामदगी व चोर की गिरफ्तारी हेतु तत्काल प्रयास किया जाने लगा।




मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त शोभित अवस्थी उर्फ भीमा पुत्र राम शंकर निवासी ग्राम प्रिया कोडर थाना मच्छिरहट्टा जनपद सीतापुर को चोरी के कुल बीस हजार रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त शोभित ने बताया कि वह बस से विभिन्न जनपदों में घूमता रहता है तथा सड़क पर पड़ने वाले ढाबों, होटलों तथा रात्रि में घरों के बाहर से कीमती चीजें चुरा लेता है। अब तक कई बार पुलिस की गिरफ्त से बच गया था। गिरफ्तारी के दौरान थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय, उपनिरीक्षक पंकज त्यागी, कांस्टेबल सुशील कुमार मिश्र मौजूद रहे।



# मिशन क्लीन सिटी : सीवरेज नेटवर्क का विस्तार करने में जुटी योगी सरकार

## गोरखपुर में 136.28 करोड़, 192.02 करोड़ तथा 223.86 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाएं पूरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर को क्लीन सिटी बनाने के अभियान के तहत योगी सरकार शहरी क्षेत्र में सीवरेज नेटवर्क का लगातार विस्तार करने में जुटी है। सीवरेज प्रबंधन के लिए नगर निगम गोरखपुर के क्षेत्र को कुल आठ जोन में विभक्त कर कार्ययोजना बनाई गई है। इन आठ जोन में कुल 2318 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है जिससे करीब ढाई लाख घरों को सीवर कनेक्शन से जोड़ दिया जाएगा। इस व्यवस्था से शहरी क्षेत्र की करीब तेरह लाख आबादी को फायदा होगा। सीवरेज प्रबंधन को लेकर गोरखपुर महानगर में 1858.34 करोड़ रुपये के कार्य या तो पूरे हो गए हैं या निर्माणाधीन हैं। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 721.40 करोड़ रुपये की एक और सीवरेज नेटवर्क परियोजना को मंजूरी मिल गई है। सीवरेज योजना जोन-ए-3 से संबंधित यह परियोजना अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) के अंतर्गत क्रियान्वित होगी।

**अमृत योजना के जरिए हजारों घरों तक पहुंच रहा लाभ**

अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए पार्ट 1 (उत्तरी भाग) में 136.28 करोड़ रुपये की लागत से 64.20 किमी सीवर लाइन बिछाकर 6745 घरों को सीवर कनेक्शन दिया जा चुका है। इसी तरह गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए पार्ट 1 (दक्षिणी भाग) में 192.02 करोड़ रुपये की लागत से 109 किमी सीवर लाइन बिछाई गई है और इससे 11008 घरों को सीवर कनेक्शन दिया गया



है। इस परियोजना में 5 एमएलडी की एसटीपी भी स्थापित की गई है। अमृत कार्यक्रम के ही तहत गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी-2 पार्ट 1 में 223.86 करोड़ रुपये की लागत से 69.70 किमी सीवर लाइन बिछाई गई और 12876 घरों को सीवर कनेक्शन जारी किया गया। इस प्रोजेक्ट में 10 एमएलडी की एसटीपी स्थापित कराई गई।

**मार्च तक परियोजना से जुड़े कार्य होंगे पूर्ण**

गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी-2 पार्ट 2 में अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में 561.34 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजना पर काम जारी है। इसके जरिये 188.47 किमी सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 30 एमएलडी की एसटीपी की स्थापना भी परियोजना में शामिल है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर 43963 घरों को सीवरेज कनेक्शन मिल जाएगा। जल निगम शहरी के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार के मुताबिक गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी-2 पार्ट 2 में करीब 165 किमी सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है। इसी साल मार्च 2026 तक इस परियोजना को पूरा कर लिया जाएगा।

गोड़धोइया नाला योजना में 38 एमएलडी की एसटीपी निर्माणाधीन अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज प्रबंधन के लिए 495.24 करोड़ रुपये की लागत वाली गोड़धोइया नाला योजना में 38 एमएलडी की एसटीपी निर्माणाधीन है जबकि 53.03 करोड़ रुपये की लागत वाली कटनिया-महेवा नाले के इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन की योजना में भी 10 एमएलडी की एसटीपी बनवाई जा रही है। सीवरेज प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए अमृत कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम की भी मदद ली गई है। राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के तहत 196.57 करोड़ रुपये की परियोजना में जोन ए 1 में 15 एमएलडी और जोन ए 2 में 30 एमएलडी की एसटीपी की स्थापना कराई जा चुकी है।

**नई परियोजना से 43 हजार से अधिक घरों को मिलेगा सीवरेज कनेक्शन**

योगी सरकार ने गुरुवार को गोरखपुर सीवरेज योजना जोन-ए-3 से संबंधित 721.40 करोड़ रुपये की जिस परियोजना को मंजूरी दी है, उससे 43,604 घरों को सीवरेज कनेक्शन मिलेगा। इस परियोजना के तहत 17 वार्डों में 342.19 किमी सीवर लाइन बिछाई जाएगी।

# युवा चेतना का स्वर्णिम उत्सव 3 को

## गोरखपुर में होगा 25वां स्वर्ण पदक सम्मान समारोह, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल होंगे मुख्य अतिथि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** सामाजिक सरोकारों और रचनात्मक अभियानों की गौरवशाली यात्रा के रजत जयंती वर्ष में युवा चेतना समिति, गोरखपुर द्वारा आयोजित 25वां रजत जयंती स्वर्ण पदक सम्मान समारोह शहर के सांस्कृतिक परिदृश्य को एक बार फिर स्वर्णिम आभा से आलोकित करने जा रहा है। यह भव्य आयोजन 3 फरवरी (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11 बजे गोकुल अतिथि भवन के सभागार में संपन्न होगा, जहां समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं ऐश्प्रा ग्रुप के प्रबंध निदेशक अतुल सर्राफ उपस्थित रहेंगे।

इस प्रतिष्ठित समारोह में कर्मवीर सम्मान 2025 से समाजसेवी राजेश सिंह दयाल (देवरिया) को अलंकृत किया जाएगा, वहीं श्रमवीर सम्मान 2025 से रोजगार सृजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले श्री आर. एन. सिंह, अध्यक्ष चेम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज, गोरखपुर को सम्मानित किया जाएगा।

सशक्त नारी शक्ति सम्मान से कौशल्या देवी को तथा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. बिट्ठल दास मोदी सम्मान डॉ. आर. एन. सिंह (शिशु रोग विशेषज्ञ) को प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. कमलेश श्रीवास्तव (अरोड़ा) सम्मान वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता मोदी को मिलेगा।

साहित्य जगत में अपने सृजन से विशिष्ट पहचान बनाने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम कठिन सिंह (मऊ) को डॉ. अर्चना सिंह साहित्य शिखर सम्मान से नवाजा जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु डॉ. तेज प्रताप सिंह को डॉ. रामरक्षा पाण्डेय स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा।

समारोह में खेल जगत की उदीयमान और स्थापित प्रतिभाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। पूर्वांचल खेल भूषण पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व




करने वाले खिलाड़ियों—नीरज कुमार चैरसिया (एथलेटिक्स), आदित्य गुप्ता, प्रीति यादव, शिवानन्द (कुश्ती) और आकांक्षा पाण्डेय

- **साहित्य, समाज सेवा, चिकित्सा उद्योग, खेल और संस्कृति सहित विविध क्षेत्रों की विभूतियों का होगा सम्मान**
- **सांध्य सत्र में सांस्कृतिक संध्या प्रतिष्ठित कलाकारों की प्रस्तुतियों से सजेगा समारोह**

(वॉलीबॉल)—को प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों युक्तिशा सिंह (राइफल शूटिंग), पूजा वर्मा (एथलेटिक्स), दीपांजलि श्रीवास्तव (शतरंज) और लकी कुमारी (हॉकी) को पूर्वांचल खेल निधि पुरस्कार मिलेगा, जबकि आदित्य शर्मा को पूर्वांचल खेल श्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

उदीयमान खिलाड़ियों आदित्य प्रताप सिंह (शूटिंग) और जया शुक्ला (कराटे) को पूर्वांचल युवा चेतना पुरस्कार दिया जाएगा। खेलों को बढ़ावा देने में योगदान हेतु अविनाश कुमार, मदन चरन श्रीवास्तव, अमरनाथ यादव, विकास भारती पब्लिक स्कूल, अर्शिता टोपो, श्री एन. डी. सोलंकी, डॉ. त्रिलोक रंजन, डॉ. राजेश यादव, श्री बी. एन. मिश्रा तथा अंजू सिंह को युवा चेतना नागरिक खेल सम्मान से नवाजा जाएगा।

समारोह का द्वितीय सत्र सायं 7 बजे आयोजित होगा, जिसमें भव्य सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत गोरखपुर के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमयी बना देंगे। इस सत्र की मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन होंगी। अध्यक्षता प्रवाह रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक रणविजय सिंह करेंगे, जबकि गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव और शोभित मोहन दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस भव्य आयोजन की जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान युवा चेतना समिति के संरक्षक डॉ. शिवशरण दास, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. विमल कुमार मोदी, डॉ. धर्मव्रत तिवारी, समिति के अध्यक्ष मान्धाता सिंह तथा युवा चेतना खेल समिति के संयोजक विनोद प्रकाश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दी।

समिति के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि रजत जयंती वर्ष का यह स्वर्ण पदक समारोह न केवल प्रतिभाओं के सम्मान का मंच बनेगा, बल्कि समाज में उत्कृष्टता, सेवा और रचनात्मकता की नई चेतना भी जागृत करेगा। गोरखपुर के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में यह आयोजन एक यादगार अध्याय जोड़ने को तैयार है।

# जन-जागरूकता अभियान के तहत रासेयो ने किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) की माता शबरी इकाई द्वारा भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध प्रमुख स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बलापार गांव में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना था।



कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने बलापार गांव में जाकर सभी ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज, जननी सुरक्षा योजना के तहत सुरक्षित प्रसव एवं आर्थिक सहायता, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम में मां और नवजात के लिए मुफ्त सेवाएं, 108/102 एंबुलेंस सेवा की आपातकालीन सुविधा, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान (उत्तर प्रदेश सरकार) तथा नवजात एवं शिशु टीकाकरण की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज, संपर्क माध्यम और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों से कैसे जुड़ा जा सकता है। स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय पर टीकाकरण कराने और सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने का संदेश दिया। यह जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की माता शबरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित उपाध्याय के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

## पत्रकार को मातृ शोक

**गोला।** गोला क्षेत्र के ग्राम पांडेय पार उर्फ डडवापार निवासी हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश दूबे की 90 वर्षीय माता जामवंती देवी का शनिवार की रात निधन हो गया। वह पिछले एक सप्ताह से गंभीर रूप से बीमार चल रही थीं। परिजनों के अनुसार, उपचार के लिए उन्हें पहले एम्स ले जाया गया, जहां से स्थिति में सुधार न होने पर गोरखपुर स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार न होने पर शनिवार की शाम उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर घर लाया गया। शनिवार की रात करीब 10.45 बजे उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। स्वर्गीय जामवंती देवी अपने पीछे दो पुत्रियां एवं चार पुत्र छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम गोला में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। मुखाग्नि उनके कनिष्ठ पुत्र, वरिष्ठ सपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत दूबे ने दी। अंतिम संस्कार के अवसर पर अरुण कुमार दूबे, अरविंद कुमार दूबे, चिल्लूपार विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, पंडित तारकेश्वर पांडेय, भाजपा नेता रतन प्रकाश दूबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया शंकर शुक्ल पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 1053 मरीजों की हुई जांच

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कौड़ीराम, गोरखपुर।** केशव चैरिटेबल हॉस्पिटल, माधुरी निलयम कौड़ीराम में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कुल 1053 मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच कराई। यह शिविर राज आई नर्सिंग होम की विशेष पहल पर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान नेत्र रोग विभाग में डॉ. अंकित यादव (नेत्र विशेषज्ञ), साहिल चौरसिया, सिद्धार्थ, सैफ अली खान व श्याम श्रीवास्तव की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की। इस दौरान कई मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। वहीं कार्डियोलॉजी व डायबिटोलॉजी विभाग में डॉ. अमरेश आस्थाना, पूर्वांचल के प्रसिद्ध कार्डियो सर्जन डॉ. दिव्य ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. आरिशा खान व डॉ. राधे मोहन श्रीवास्तव ने हृदय रोग व मधुमेह एवं अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। मौके पर धराधाम इंटरनेशनल के सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ विनय श्रीवास्तव,सिद्धार्थ श्रीवास्तव, कृपा शंकर राय, निधि राय, पूजा साहनी, महिमा साहनी, स्वरूप, राजेंद्र चौधरी, नेहा कुशवाहा, अखिलेश यादव, गौतम पाण्डेय, ज्योति, नाजिया, राजू त्रिपाठी, राजीव



पाण्डेय, एजाज अहमद,अमित पाण्डेय, मनीष सिंह, गुरु, अतुल राय, धर्मेंद्र कुमार, कविता, देवेंद्र कुमार, किशन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं और समय रहते बीमारियों की पहचान हो जाती है। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# प्रतिभागियों ने दिखाई तकनीकी श्रेष्ठता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्वांचल में खेल प्रतिभाओं के उभार का सशक्त दृश्य रविवार को संस्कृति पब्लिक स्कूल परिसर में देखने को मिला, जहां डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ गोरखपुर के तत्वावधान में कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों से आए 240 से अधिक खिलाड़ियों ने परीक्षा में भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता, संतुलन और मानसिक एकाग्रता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



परीक्षा को ताइक्वांडो के स्थापित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, गति, लचीलापन और रणनीतिक समझ का गहन परीक्षण किया गया। किक्स, पूमसे (फॉर्म), स्पैरिंग, ब्रेकिंग तथा मौखिक परीक्षा के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय आत्मविश्वास का परिचय दिया। आयोजन की सुदृढ़ व्यवस्थाओं और अनुशासित संचालन ने इसे एक आदर्श खेल परीक्षा का स्वरूप प्रदान किया।

व्हाइट बेल्ट वर्ग में राजेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंकुर यादव द्वितीय रहे। येलो बेल्ट में अहाना गुरुंग ने शीर्ष स्थान हासिल किया और अमीना अली दूसरे स्थान पर रहीं। ग्रीन बेल्ट वर्ग में विधि भालोठिया प्रथम तथा रिशांत सिंह द्वितीय रहे। ग्रीन-वन बेल्ट में अमित साहनी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि जागृति सिंह उपविजेता रहीं। ब्लू बेल्ट में गौरी प्रथम और कुलश्रेष्ठ द्वितीय स्थान पर रहे। ब्लू-वन बेल्ट वर्ग में प्रहर्षिता ने पहला तथा मिल्केन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रेड बेल्ट में अश्वनी चौधरी ने सर्वोच्च स्थान अर्जित किया, जबकि अनुज कुमार पाठक द्वितीय रहे।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, महासचिव गुलशेर शेर गिल और संयुक्त सचिव शंभू नाथ कुशवाहा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बेल्ट प्रमोशन परीक्षाएं खिलाड़ियों की प्रगति का औपचारिक प्रमाण होने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास की आधारशिला भी हैं। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो युवाओं में आत्मरक्षा, आत्मविश्वास, धैर्य और नेतृत्व क्षमता विकसित कर उन्हें बड़े मंचों के लिए तैयार करता है।

आयोजन की सफलता में वरिष्ठ कोच सुधांशु कुमार, साहिल गुरुंग, ओम प्रकाश यादव, ऐश्वर्या यादव, निशा श्रीवास्तव और शांति सिंह की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उनके मार्गदर्शन और सतत प्रशिक्षण के कारण खिलाड़ियों ने परीक्षा की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया। समापन अवसर पर सफल खिलाड़ियों को उच्च बेल्ट के लिए चयनित किए जाने की घोषणा की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों और प्रशिक्षकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# विकास व रोजगार को मिलेगी नई गति :अरविन्द

**गोरखपुर।** बजट में गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर किए गए प्रावधानों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द कुमार मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए बजट को संतुलित, दूरदर्शी और जनहितकारी बताया। श्री मिश्र ने कहा कि इस बजट से बुनियादी ढांचे का विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। श्री मिश्र ने कहा कि सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं। यह बजट परिवहन, चिकित्सा, व्यवसाय और कामकाजी महिलाओं के लिए योजनाएं लाई गई हैं।



## बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मज़बूती : महंथ

**गोरखपुर।** आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व धुरियापार चीनी मिल के उपसभापति गुलाबरध्वज सिंह उर्फ महंथ सिंह ने कहा बजट में मेडिकल हब्स के निर्माण, एमएसएमईएस, लघु और कुटीर उद्योगों को जो समर्थन मिला है, वह लोकल से ग्लोबल बनने की नई ताकत देगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ संतुलित विकास का प्रावधान भी इस बजट में मजबूती से किया गया है।

# अवैध संचालित विद्यालयों को मिले नोटिस व चेतावनी के बाद बवाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पाली/सहजनवां।** विकास खण्ड पाली में शिक्षा विभाग एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। क्षेत्र के कई मान्यता-प्राप्त विद्यालयों को बीईओ पाली द्वारा नोटिस जारी कर चेतावनी दिए जाने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विद्यालय प्रबंधकों का आरोप है कि नोटिस की कार्रवाई अवैध धन उगाही के विरोध के बाद की गई है। विद्यालय प्रबंधनों के अनुसार, उनके संस्थानों को केवल कक्षा 8 तक विधिवत मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद उन पर कक्षा 9 व 10 संचालित करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई, जबकि वास्तविकता यह है कि कहीं-कहीं कोचिंग/शैक्षणिक मार्गदर्शन निजी रूप से दिया जा रहा था, न कि विद्यालय के नाम से कोई कक्षा संचालित की जा रही थी।

मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब अवैध लेनङ्कदेन से जुड़ी कई कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल होने लगीं। इन ऑडियो में शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी की आवाज़ होने का दावा किया जा रहा है, हालांकि इन ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

विद्यालय प्रबंधनों का कहना है कि।

कक्षा 9-10 का कोई रजिस्टर नहीं है कोई फीस रसीद या टीसी जारी नहीं की गई, किसी बोर्ड में नामांकन नहीं कराया गया है। इसके बावजूद नोटिस और मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी जाना विभागीय शक्तियों के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है।

कई विद्यालय प्रबंधनों ने इस पूरे प्रकरण को लेकर संयुक्त रूप से उच्च अधिकारियों बीएसए व डीएम से शिकायत करने और निष्पक्ष जाँच की माँग करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि वायरल ऑडियो की फोरेंसिक जाँच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

इस संबंध मे मामले में बीएसए धीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा की मेरे संज्ञान मे मामला आया है इसकी जांच कराई जायेगी। मामला सत्य पाए जाने पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं

इस संबंध मे बीईओ पाली कुंवर विक्रम पांडे से बात की गई तो उन्होंने बताया की आरोप गलत है। लेकिन लोगों का कहना है मामला जांच के बाद पता चल पाएगा क्या सही है क्या गलत जो जांच का विषय है।

## विद्युत आपूर्ति बाधित

**पाली/सहजनवां।** विकास खण्ड पाली क्षेत्र के घघसरा विद्युत उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी मेन सप्लाई में भीटी के पास मेंटिनेंस का काम चल रहा था। जिसके कारण विद्युत उपकेंद्र घघसरा को आने वाली मेन बिजली सप्लाई जो लगभग छः घण्टे तक बंद रही जिसके कारण बिजली से चलने वाले उपकरण व कामकाज ठप रहे जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने सलाई आने का इंतजार करते रहे। जिस संबंध जेई जयराम गुप्त ने बताया कि मेन सप्लाई में काम चल रहा था जिसके चलते सप्लाई बंद थी जो चालू करा दी गई।

# प्रदूषण के खिलाफ निकला कैंडल मार्च, सौंपा गया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवा555ददाता**

**सहजनवां।** गीडा फैक्ट्रियों द्वारा सहजनवा नगर पंचायत के साथ साथ अनेक गांव में फैलाए जा रहे प्रदूषण के खिलाफ पूर्व विधायक देवनारायण सिंह ने रविवार को प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ कैंडल मार्च निकालने का आह्वान किया था। जिसको लेकर नगर और आसपास के ग्रामीण उत्सुक दिखाई दे रहे थे। नीयत समय पर कैंडल मार्च के लिए भारी संख्या में ग्रामीण रेलवे स्टेशन पर जुट गए थे। वहीं प्रशासन भी कैंडल मार्च को देखते हुए पूरे दिन मुस्तैद दिखाई दे रहा था। जैसे ही भीड़ जुटी नेताओं ने भाषण देते हुए आश्वासन देने लगे कि अधिकारियों ने एक माह का समय मांगा है। इसलिए कैंडल मार्च स्थगित किया जाता है। भाषण में खूब दावे करते नेता दिखाई दे रहे थे। घोषणा होते ही एकत्रित भीड़ तितर वितर हो गई। वहीं मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी द्वारा भी प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए एक माह का समय लिया गया।



इसके बाद मौजूद नेताओं ने एसडीएम को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। कैंडल मार्च स्थगित होने पर ग्रामीण तरह तरह की चर्चा करते दिखाई दे रहे थे।



# सचिव विधिक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ का श्रीमती शाम्भवी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ द्वारा भौतिक निरीक्षण एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि इस समय जिला कारागार में 886 बन्दी निरुद्ध है,जिसमें 784 विचाराधीन बन्दी है।इसमें महिला 24 तथा 793 पुरूष एवं किशोर बन्दियों की संख्या 47 है।सिद्ध दोष बन्दियों की संख्या 92 बतायी गयी,जिसमें 24 महिला व 47 पुरुष एवं 1 किशोर शामिल है।सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक एवं किशोर बैरक,पाकशाला,जेल अस्पताल,लीगल एड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ-सफाई, महिला बन्दियों की तलाशी रूम का निरीक्षण किया। प्रत्येक बैरिक में



मनोरजंन के लिए टीवी लगी है,जो चालू हालत में बतायी गयी।जिला कारागार में 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों को चिन्हित करने और ऐसे बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जेल अधिकारी को निर्देशित किया।यह भी निर्देशित किया गया कि जिन सिद्धदोष बन्दियों की अपील हो गयी है संबंधित रजिस्टर में उनकी अपील संख्या और पूर्ण विवरण अंकित किया जाय। अपील संबंधित रजिस्टर में पूर्ण विवरण अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाय,ऐसे चिन्हित सिद्धदोष बन्दी जो आर्थिक कठिनाई के कारण या अन्य किसी कारण से अपील करने में सक्षम नहीं है,उनकी निःशुल्क अपील कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को अवगत कराया जाय।जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप में प्राप्त कर जिला विधिक सेवक प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

## गौ तस्करी करने वाले दो गैंगस्टर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व मे एसआई प्रिंस तिवारी ने थाना हाजा पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के फरार अंतर्जनपदीय गौ तस्कर बदमाश राम लछन सरोज पुत्र महेश कुमार निवासी पथरियापुर थाना नवाबगंज जिला प्रयागराज व प्रेम पाल पुत्र स्व राम प्रताप पाल निवासी ग्राम टेवा थाना मंझनपुर कौशांबी को जहानाबाद पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।गैंग लीडर राम लछन सरोज पर आर्म्स एक्ट गैंगस्टर गौ तस्करी आदि मामलों मे थाना नवाबगंज,कैंट, हथिगवां में चार मुकदमा दर्ज है और राम प्रताप पाल पर हथिगवां व मंझनपुर मे गौ तस्करी के दो मामले दर्ज है।

# मारुति वैन व बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत



**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।** शनिवार की रात करीब आठ बजे थाना आसपुर देवसरा अंतर्गत अमरगढ़-पट्टी मार्ग पर स्थित सेतापुर गांव के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।अमरगढ़ की ओर जा रहे एक बाइक सवार युवक सामने से आ रही मारुति वैन से टकरा गया,जिससे दोनों वाहनों में सवार एक लोग की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार सेतापुर निवासी सुरेश पुत्र ननकू तथा अनिल रजक पुत्र गंगा राम (उम्र लगभग 38 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से अमरगढ़ बाजार जा रहे थे।इसी दौरान अमरगढ़ की तरफ से आ रही मारुति वैन से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें बाइक चालक अनिल रजक की जौनपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई और उसका साथी सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका ईलाज चल रहा है।वैन के चालक लालचंद जायसवाल निवासी ढकवा थाना आसपुर देवसरा तथा वैन में बैठे आफताब आलम निवासी ग्राम छतौना थाना आसपुर देवसरा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के कारण मारुति वैन और मोटरसाइकिल दोनों क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपुर देवसरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सीएचसी अमरगढ़ भिजवाया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।

## खबर एक नजर

### अज्ञात दबंगों ने गरीब की मड़ई में लगाई आग

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** कैसरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़हिया न.1 सेंटर चौराहा में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बीती रात किसी अज्ञात शरारती तत्व ने एक निर्धन व्यक्ति समोखन की फूस की झोपड़ी को आग के हवाले कर दिया, और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे झोपड़ी में रखी लकड़ी की दुकान और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। घटना की सूचना 12 बजे मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से आर्थिक मदद और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पुलिस लाइन में सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित यातायात सुरक्षा माह के समापन अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व नगर के अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी पुसिल यातायात राज सिंह यादव, ए.आर.टी.ओ. ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), प्रदीप कुमार, प्रभारी यातायात पुलिस राम प्रकाश के साथ उपस्थित मीडिया बन्धुओं, आरक्षियों एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को लगभग 200 हेलमेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रक्षिशु पुलिस जवानों, एनसीसी कैडेट्स, एवं महिला महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क दुर्घनाओं पर बचाव की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण किया गया तथा मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में यातायात कार्यालय के कार्मिकों, पुलिस दस्ता, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### बाल-विवाह एवं बाल यौन शोषण पर कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** देहात इंडिया एवं जस्ट राइट्स के सफल निर्देशन में बहराइच स्थित होटल रीजेंसी में बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देहात टीम से मो इमरान (जिला समन्वयक) जी द्वारा बच्चों के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने और उन्हें सुरक्षित माहौल देने के उद्देश्य से बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित सभी बालिकाओं को इच्छानुसार कौशल के आधार पर आवश्यक कौशल से जुड़ने हेतु संतुष्टि कराई गई। ?कार्यशाला में सतीश श्रीवास्तव ( सी डब्ल्यू सी अध्यक्ष) जी ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही 'गुड टच और बैड टच' के बीच के अंतर को समझाना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों में यह विश्वास जगाना चाहिए कि वे अपने साथ हुई किसी भी असहज घटना को बिना डरे अपने माता-पिता के साथ साझा कर सकें। ?वही पर किशोरी लाल चौधरी (पारिवारिक न्यायालय वक्ता) ने पॉक्सो अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में रिपोर्ट दर्ज करना अनिवार्य है और कानून दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीड़ित बच्चे की पहचान गुप्त रखना कानूनी रूप से अनिवार्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में देहात टीम से अदनान अंसार, अमरेश कुमार, देवेश, रचना मिश्रा, विंध्यवासिनी सहित बालिकाएं एवं परिजन की अहम भूमिका रही।

# युवक की संदिग्ध मौत पर बवाल पुलिस व परिजन आमने-सामने



**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।** युवक की हत्या की आशंका मे परिजनों ने शव अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।पुलिस अन्तिम संस्कार करने को राजी करते करते जोर जबरजस्ती पर उतारू हो गई। पुलिस की छीना झपटी से परिजनों मे आक्रोश पनप उठा।मानिकपुर थाना के साहूमई गांव में जहरीले पदार्थ से युवक सूरज की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ गया।परिजन हत्या की आशंका जताते हुए अंतिम संस्कार से इनकार पर अड़े रहे और जनसत्ता दल के मुखिया विधायक रघुराज प्रताप सिंह से न्याय की आस करते हुए उनको बुलाने की मांग करने लगे।पुलिस के अंतिम संस्कार कराने के प्रयास का परिजनों ने विरोध किया,इस दौरान धक्का-मुक्की,मोबाइल छीनने और मारपीट के आरोप लगे।घटनाक्रम में मृतक के चाचा के सिर में गंभीर चोट आई। पूरे मामले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।शव का अन्तिम संस्कार समय पर हो सबकी जिम्मेदारी है।सीओ कुंडा अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मारपीट की घटना की जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह के अनुसार मुकदमा पंजीकृत होने के बाद परिजन शाम करीब 4.30 बजे अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और शव को राजघाट मानिकपुर ले जाकर अंतिम संस्कार कर गया।गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है,जबकि परिजन निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े है।

# शिक्षक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय,इन्दिरा भवन पर रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में शीर्ष नेतृत्व व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी,उ.प्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय एवं उ.प्र.कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता एवं रामपुर खास की विधायक श्रीमती आराधना मोना की संस्तुति पर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार राय ने तिलक इण्टर मीडिएट कालेज,प्रतापगढ़ के प्रवक्ता काशी नारायण मिश्र को शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने के उपरान्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में माला पहनाकर अंग वस्त्रम भेंट कर लड्डू खिलाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि 'संगठन सृजन अभियान' के माध्यम से चुनिन्दा लोगों को कांग्रेस के फ्रंटल,विभाग एवं प्रकोष्ठ में जगह मिल रही है। नेता द्वेय ने फ़ोनिक वार्ता कर उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।नवनियुक्त शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश व उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा।

## संत रविदास की जयन्ती पर हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे सन्त शिरोमणि रविदास जयन्ती का आयोजन सृजना कुटीर अजीतनगर मे किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि आडंबर विरोधी एवं छुआछूत विरोधी महासंत रविदास का जीवन समता,बन्धुता व न्याय का द्योतक है।मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि संत रविदास का जीवन पंथनिरपेक्षता,मानवता व सामाजिक न्याय का परिचायक है।विशिष्ट अतिथि के रूप मे चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने कहा कि संत रविदास की जीवनयात्रा प्रत्येक युग के लिए अनुकरणीय है।विशिष्ट अतिथि ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि महासंत का जीवन दर्शन हमे विशिष्टता का पथ प्रशस्त करता है।इस अवसर पर साहित्यकार प्रेम कुमार प्रेम,कुंज बिहारी काका श्री,श्रीनाथ सरस,अमरनाथ बेजोड़,राधेश्याम दिवाना राजेश हर्षपुरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

## नेपाल राष्ट्र से तस्करी कर लाई जा रही 4 लड़कियों को पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू किया, दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही तथा वांछित अभियुक्तध्वारन्टी की गिरफ्तारी व अवैध तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में दिये गये आदेशों व निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में उ.नि. दीपक गिरी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर भचकाही के आगे जंगल के रास्ते से 2 अभियुक्त, 4 नेपाली लड़कियों के साथ पकडे गये जो कि नेपाल से लड़कियो को ला रहे थे, सभी लड़कियों का सकुशल रेस्क्यू किया गया तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना सिरसिया पर मुकदमा अपराध संख्या 21/26 धारा 141,143(5) ठछै व 207 एम0वी0 एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

उ0नि0 दीपक गिरी मय हमराह नेपाल-भारत बार्डर से वापस आते समय एसएसबी फोर्स से तालबघौडा के पास नेपाल बार्डर की सुरक्षा के सम्बन्ध मे बातचीत हो रही थी कि तभी मुखबिर से सूचना मिली की 2 भारतीय लड़के नेपाल राष्ट्र से जंगल के रास्ते 4 नेपाली लड़कियो को नृत्य कराने के लिए लाते है तथा उनके साथ दुष्कर्म एवं उनका लैगिग शोषण करते है। उक्त सूचना पर एन0जी0ओ0 तथा ए0एच0टी0 को सूचना दी गयी तथा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान गुज्जर गौरी सीमा क्षेत्र के भचकाही गांव के आगे जंगल रास्ते पर घेराबंदी कर 2 भारतीय लड़के मोटर साइकिल से 4 नेपाली लड़कियो को लेकर आ रहे थे, मौके पर सभी लड़कियों का रेस्क्यू कर अभियुक्तों को गिरफ्तारी कर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 21/26 धारा 141,143(5) ठछै व 207 एम0वी0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

# संदीप बने अध्यक्ष, राहुल महामंत्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** इंडियन प्रेस काउंसिल की तहसील इकाई कुंडा का चुनाव रविवार को तहसील के पंचवटी परिसर में राष्ट्रीय संयोजक विद्या चन्द्र मिश्रा उर्फ मुन्ना टाईगर की देखरेख मे संपन्न हुआ।चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री आनंद शुक्ला,राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप कुमार विश्वकर्मा व संरक्षक अजय मिश्रा ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई। जिसमें पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।अध्यक्ष पद के लिए संदीप साहू,संदीप यादव व अजय मिश्रा ने ताल ठोक नामांकन दाखिल किया। महामंत्री पद की रेस में राहुल यादव व हसीबुल्लाह ने दावेदारी पेश कर दी।34 पत्रकार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना में संदीप साहू को 17 मत,अजय मिश्रा को 11 मत और संदीप यादव को 6 मत प्राप्त हुए।इस प्रकार संदीप साहू अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए,वहीं महामंत्री पद के लिए राहुल यादव को 27 मत और हसीबुल्लाह को 7 मत मिले,जिसमें राहुल यादव महामंत्री चुने गए।बाकी के पदों को संगठन के मठाधीशों ने आवंटित किया। इस दौरान समस्त पदाधिकारी समेत पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

## कोचिंग संस्थान का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सोरांव विधानसभा क्षेत्र के हरिसेनगंज में अजय पटेल द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग संस्थान के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रानीगंज विधायक डॉ आरके वर्मा ने छात्रों व कोचिंग स्टॉफ़ को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम के अलावा सफलता का कोई विकल्प नहीं होता।शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती है।सपा के विधानसभा उपमुख्य सचेतक,रानीगंज के लोकप्रिय विधायक डा आरके वर्मा ने आज सदर विधानसभा के रूपापुर में पार्टी कार्यकर्ता छेदीलाल यादव के गेस्ट हाउस का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम में मौजूद सहयोगियों से वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा किया।

## नैनो उर्वरकों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** नैनो उर्वरकों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव और राज्य कार्यालय लखनऊ से राज्य विपणन प्रबंधक इफको ने कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति व इफको प्रयागराज मंडल के अक्षय पांडेय,क्षेत्र प्रबंधक इफको हैदर अली ने नैनो यूरिया प्लस,नैनो डीएपी,नैनो जिंक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे सभी कार्यक्रम में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस के बारे में कृषकों को जागरूक किया।जिला कृषि अधिकारी ने नैनो उर्वरक की तकनीकी जानकारी साझा की और बताया कि नैनो डीएपी की 500 मि.ली. बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित किया जा सकता है।उप कृषि निदेशक ने विभागीय कार्यों के साथ-साथ नैनो उर्वरक का प्रयोग बढ़ाने का निर्देश दिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के सभी विक्री प्रभारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।इफ़को के एसएफए राघवेंद्र मिश्रा एवं अवनीश सिंह उपस्थित रहे।

# मैत्री क्रिकेट में पत्रकार संघ का जलवा

**■ सुरक्षा एजेंसियों को 5 रनों से दी शिकस्त**

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा स्थित श्री रामजानकी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों (एसएसबी, पुलिस एवं वन विभाग) की संयुक्त टीम और रुपईडीहा पत्रकार संघ के बीच एक मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत रुपईडीहा द्वारा किया गया, जिसमें 12-12 ओवरों का मैच खेला गया। मैच से पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अश्विनी वैश्य द्वारा रुपईडीहा पत्रकार संघ के कप्तान एम. अरशद और सुरक्षा एजेंसियों की टीम के कप्तान वन क्षेत्राधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव के बीच टॉस कराया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुपईडीहा पत्रकार संघ की




टीम ने शुभम गुप्ता के शानदार 40 रन और सूर्यांश के 24 रनों की मदद से निर्धारित 12 ओवरों में 98 रन बनाए और विपक्षी टीम को 99 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। अंतिम ओवर में मुकाबला बेहद करीबी स्थिति में पहुंच गया, लेकिन पत्रकार संघ के कप्तान एम. अरशद की घातक गेंदबाजी के सामने सुरक्षा एजेंसियों की टीम टिक नहीं सकी और निर्धारित 12 ओवरों में 93 रन ही बना सकी। इस प्रकार रुपईडीहा पत्रकार संघ ने यह मुकाबला 5 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम गुप्ता को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मैच समाप्ति के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा विजेता टीम के कप्तान एम. अरशद को ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं खेल भावना और आपसी सौहार्द के प्रतीक के रूप में सुरक्षा एजेंसियों की टीम को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, अंगवस्त्र, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं उपस्थित अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के मैत्री मैच पत्रकारों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर यह मुकाबला परिणाम से अधिक रोमांच और खेल भावना का प्रतीक बनकर समाप्त हुआ।

## ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया भ्रमण

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, उप जिलाधिकारी मोतीपुर मिहींपुरवा मोतीपुर राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-1 अमर सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार, अधि.अधि. नगर पंचायत जंग बहादुर, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा व अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कृषि आवंटन हेतु भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय।

# चुनावी रण में एआईएमआईएम का कानूनी मोर्चा मजबूत

**स्वतंत्र भारत, बहराइच।** आगामी चुनावों की आहट के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने बहराइच की राजनीति में संविधान और न्याय को केंद्र में रखकर अपना कानूनी मोर्चा सशक्त करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया है। पार्टी ने एडवोकेट मो. इरफान को जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, बहराइच नियुक्त कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि आने वाले चुनावों में एआईएमआईएम अधिकार, न्याय और संवैधानिक मूल्यों के मुद्दे को मज़बूती से जनता के बीच ले जाएगी। जिलाध्यक्ष फिरोज़ बाग़बान द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि मो. इरफान जैसे प्रतिबद्ध अधिवक्ता को यह जिम्मेदारी सौंपना चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा है, जिससे अधिवक्ता वर्ग, बुद्धिजीवियों और संवैधानिक सोच रखने वाले नागरिकों को एकजुट किया जा सके। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि कानून और संविधान के माध्यम से ही सत्ता की जवाबदेही तय की जा सकती है। पार्टी ने साफ किया है कि अधिवक्ता संघ आगामी चुनावों में जनता के संवैधानिक अधिकारों, न्यायिक समानता और कानून के शासन को मुख्य मुद्दा बनाकर कार्य करेगा। मो. इरफान के नेतृत्व में अन्याय, भेदभाव और सत्ता के दुरुपयोग के मामलों को विधिक मंचों पर मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि जनसरोकार सीधे चुनावी विमर्श का हिस्सा बनें। नियुक्ति की खबर के बाद अधिवक्ता



वर्ग और पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला। लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता नावेद हसन द्वारा बहराइच पहुँचकर दी गई बधाई को भी कानूनी मोर्चे के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि यह नियुक्ति केवल संगठनात्मक फेरबदल नहीं, बल्कि चुनावी मैदान में संविधान, न्याय और हक़ की राजनीति को धार देने की रणनीतिक शुरुआत है। आने वाले दिनों में एआईएमआईएम अधिवक्ता संघ के माध्यम से ज़िले में व्यापक जनसंपर्क और वैधानिक जागरूकता अभियान चलाएगी।

## नैनो उर्वरकों पर आधारित जनपद स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 31/01/2026 को किसान कल्याण केन्द्र मंझनपुर में कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नैनो उर्वरकों पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप कृषि निदेशक कौशाम्बी सतेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी महोदया सुरुचि विश्वकर्मी,कृषि विज्ञान केन्द्र से अजय कुमार सिंह, क्षेत्र प्रबन्धक इफको चित्रकूट राजवीर सिंह भी उपस्थित रहे। क्षेत्र प्रबन्धक इफको चित्रकूट द्वारा सभागार में उपस्थित जनपद के कृषि विभाग के समस्त



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नैनो यूरिया प्लस,नैनो डीएपी,नैनो जिंक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे सभी कार्यक्रम में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस के बारे में कृषकों को जागरूक किये जाने की बात कही जिससे कि कृषकों के लागत में भी कमी आयेगी एवं फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगी। क्षेत्र प्रतिनिधि इफको कौशाम्बी द्वारा लिक्विड कन्सोटिऱ्या एवं जल विलय उर्वरक के प्रयोग विधि एवं लाभ की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक अजय कुमार सिंह ने नैनो उर्वरक की तकनीकी जानकारी साझा की.

## माघी पूर्णिमा पर संगम में आस्था का जन-सैलाब

### त्रिवेणी पर उमड़ी श्रद्धा की विराट धारा, महास्नान के साथ कल्पवास का पारायण, साधु-संतों की विदाई शुरू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर तीर्थराज प्रयागराज में आस्था का अद्भुत जन-सैलाब उमड़ पड़ा। इस पावन सनन पर्व पर लगभग 2 करोड़ 10 लाख लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी त्रिवेणी संगम सहित गंगा के सभी प्रमुख घाटों पर भोर से ही श्रद्धालुओं की अविरल धारा देखने को मिली। 'हर-हर गंगे' और 'जय तीर्थराज' के उद्घोषों के बीच संगम क्षेत्र श्रद्धा, साधना और सनातन चेतना का जीवंत केंद्र बन गया। संगम से घाटों तक श्रद्धा की विराट भीड़- संगम नोज़, अरैल, झूंसी, दारागंज, किला घाट, दशाश्वमेध, नागवासुकी सहित सभी घाटों पर दिनभर जन-सैलाब उमड़ा रहा। संत-महात्मा, कल्पवासी, महिलाएँ, बुज़ुर्ग और युवा–सभी ने पवित्र सनन, दान-पुण्य, जप, ध्यान और पूजन के साथ माघी पूर्णिमा का पुण्यकाल संपन्न किया। माघ मेले का चरम



पर्व माघी पूर्णिमा माघ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक सनन पर्व है। माघ मास की साधना, संयम और व्रत का सार इसी तिथि पर पूर्ण माना जाता है, जिसके चलते संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जन-सैलाब उमड़ा। कल्पवास का पारायण, गृह-वापसी की तैयारी एक माह से अधिक समय तक संगम तट पर कठिन नियम-संयम और साधना में लीन रहे कल्पवासियों ने माघी पूर्णिमा पर अंतिम सनन कर कल्पवास का पारायण किया। इसके साथ ही कल्पवासियों ने व्रत-नियम पूर्ण कर गृह-वापसी की प्रक्रिया प्रारंभ की। साधु-संतों की विदाई, अखाड़ों में समापन माघी पूर्णिमा के बाद संगम क्षेत्र में प्रवास कर रहे नागा साधु, संन्यासी, वैष्णव और विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा भी क्रमशः अपने-अपने आश्रमों और तीर्थों की ओर प्रस्थान करने लगे हैं। संतों की विदाई के साथ माघ मेले का आध्यात्मिक वातावरण भावुक क्षणों का साक्षी बना। व्यवस्था और अनुशासन जन-सैलाब के बावजूद संगम क्षेत्र में सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था सुचारु रही। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से सनन कर पुण्य अर्जित किया। संगम की आध्यात्मिक धारा कभी थमती नहीं।

## भईया जी का दाल भात परिवार के ओर से भंडारा आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** माघमेला क्षेत्र में मां काली शक्ति साधना केंद्र द्वारा संचालित भइया जी का दाल भात परिवार की ओर से प्रतिदिन की तरह रविवार को भी भंडारा आयोजित हुआ। आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर माघ मेला क्षेत्र में सनन के लिए पहुंचे



हजारों श्रद्धालुओं और सननार्थियों को भइया जी का दाल भात परिवार की ओर से भोजन प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद में दाल भात, सब्जी वितरित की गई। भइया जी का दाल भात परिवार के सदस्य ने बताया कि शिविर में पौष पूर्णिमा से लेकर माघी पूर्णिमा तक भोजन प्रसाद का निरंतर वितरण किया गया। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण में अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के पूर्व महामंत्री शीतला प्रसाद गौड़, अधिवक्ता सर्वेश सिंह, राहुल ओझा, यजुर द्विवेदी, मनीष द्विवेदी, मुनन भइया समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पहलगाम की बर्फीली चोटियों पर प्रयागराज का परचम, 15 यूपी बटालियन एन सी सी के कैडेट्स बढ़ा रहे हैं उत्तर प्रदेश का गौरव

**प्रयागराज -** राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एन सी सी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज अन्तर्गत 15वीं यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज के कॉर्पोरल अवनीश कुमार मौर्य एवं कैडेट अंश चौरसिया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम एवं सोनमर्ग क्षेत्र में आयोजित माउंटेनियरिंग एवं स्कीइंग कोर्स में सहभागिता कर प्रदेश व जनपद का मान बढ़ा रहे हैं। यह प्रशिक्षण 19 जनवरी से 02 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।कश्मीर की मनोहारी वादियों में स्थित जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान के सानिन्ध्य में संचालित इस पर्वतारोहण पाठ्यक्रम के माध्यम से कैडेट्स कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में साहस,



अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बर्फ से ढकी चोटियों पर अभ्यास करते हुए ये कैडेट न केवल अपने शारीरिक व मानसिक सामर्थ्य को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि 'एकता और अनुशासन' के एन सी सी मंत्र को भी साकार कर रहे हैं।15 यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज की कमान अधिकारी कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी दिशा-निर्देशन में कैडेट्स निरंतर साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उनका यह प्रयास यह प्रमाणित करता है कि प्रयागराज की धरती केवल संगम और संस्कृति की ही नहीं, बल्कि शौर्य, संकल्प और राष्ट्रसेवा की भी सशक्त पहचान है।पहलगाम की राजसी पर्वतमालाओं के बीच प्रशिक्षण प्राप्त करते ये कैडेट हर कदम पर नई ऊँचाइयों को छूते हुए उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं 15 यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज के गौरव को राष्ट्रीय फलक पर और अधिक उज्ज्वल कर रहे हैं। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और राष्ट्र निर्माण में एन सी सी की सशक्त भूमिका को और मजबूत करेगी।

## उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ महामंत्री द्वारा बजट को लेकर समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री श्रीमान रूपम पाण्डेय ने बजट को समीक्षा कर बताया कि आज दिनांक 01/02/26 सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है उसमें कर्मचारीयों को पिछले बजट में नए इकनम टैक्स रिजीम के तहत आम टैक्सपेयर्स को 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई पर '0' टैक्स का ऐलान किया गया था, जिसकी लिमिट बढ़ाकर इस बार 14 लाख रुपये तक किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने इसमें कोई बदलाव नहीं किया है. ए टैक्स सिस्टम के तहत PPF, NPS और ELSS जैसी योजनाओं में निवेश पर टैवस छूट दिए जाने की उम्?मीद की जा रही थी. लेकिन सरकार ने इसमें कोई बदलाव नहीं किया है. यह सिर्फ पुराने टैक्?स रिजीम के तहत ही छूट के योग्य होंगे. ओल्ड टैक्स रिजीम में इन योजना में निवेश पर इनकम टैक्स की धारा 80ण के तहत 1.5 लाख रुपये तक की टैक्स छूट दी जाती है, इस बजट में महिला कर्मचारियों को भी कोई विशेष छूट नहीं दी गई, कर्मचारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है एक तो महंगाई और दूसरा बजट बजट में कोई छूट नहीं मिला, साथ साथ आठवें वेतन आयोग कि अभी रिपोर्ट भी नहीं आ पाई है इससे भी कर्मचारियों में निराशा, यह बजट कुल मिलाकर कर्मचारियों के लिए निराशा जनक रहा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त दो महिला डाक्टर कागज पर बड़ा रहीं शोभा

### अधीक्षक की कृपा पर घर बैठे ले रही वेतन

**स्वतंत्र भारत कोरांव-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब 6 माह पूर्व से नियुक्त दो महिला डाक्टर कागज पर शोभा बढ़ा रही हैं।अभी तक वह कभी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं आतीं और नहीं उनके आने का कोई समय ही निश्चय है।इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों से बात करने पर चुप्पी साध जातें हैं।

## झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार दवा के नाम पर कर रहे रिसर्च

### कोरांव तहसील में कुल 150से अधिक नर्सिंग होम व मेडिकल स्टोर है

**कोरांव स्वतंत्र भारत -**तहसील कोरांव में अस्पतालों की बाड़ आ गई है, जहां अधिकांश तर डाक्टर झोलाछाप है। और मरीजों के इलाज के नाम पर दवाओं का रिशर्च करते हैं, जिसमें या तो मरीज गम्भीर विमारियो के शिकार हो जाते हैं।या तो समय पर जीवन खत्म कर देते है, इतना ही नहीं अधिकांश नर्सिंग होमो में अल्ट्रासाउंड का काम चोरी चोरी किया जाता है और भ्रूण हत्या को बढ़ावा दिया जाता है। इतना ही नहीं नहीं नर्सिंग होमो में ज्यादातर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के क्षात्रों को ही रखा जाता है , और डिग्री किसी और की लगाई जाती है। इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ के बी सिंह से बात करने पर वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए।

## कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज जंक्शन के मध्य परीक्षा विशेष ट्रेनों का संचालन

### परीक्षाथिऱ्यों की सुविधा हेतु दो विशेष गाडि़याँ चलाई गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** कानपुर क्षेत्र में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के दृष्टिगत, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व तथा उप मुख्य यातायात प्रबंधक कानपुर श्री आशुतोष सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों द्वारा स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.02.2026 को प्रयागराज मंडल द्वारा कनिष्ठ सहायक मुख्य



परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यथिऱ्यों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज जंक्शन के लिए दो परीक्षा विशेष गाडि़यों का संचालन किया गया। इन विशेष गाडि़यों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि परीक्षार्थी सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुँच सकें। परीक्षा विशेष गाडि़यों के संचालन से भीड़ प्रबंधन में उल्लेखनीय सहायता मिली तथा अभ्यथिऱ्यों को आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज की ओर दो विशेष गाडि़याँ संचालित की गईं। पहली विशेष गाड़ी का संचालन प्लेटफॉर्म संख्या 06 से अपराह्न 13:35 बजे किया गया , जबकि दूसरी विशेष ट्रेन सायं 18:00 बजे तक प्लेटफॉर्म पर लगा दी गई थी।

## माघ मेला में श्रद्धालुओं हेतु 101 रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** मनीष कुमार भारती, कमांडेंट 101 रैपिड एक्शन फोर्स के तत्वावधान में माघ पूर्णिमा के अवसर पर संगम क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ध्३) 101ँइ एवं उनकी चिकित्सा टीम द्वारा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जाँच की गई। शिविर के दौरान सामान्य रोगों से संबंधित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाओं



का वितरण भी किया गया साथ ही डॉ. अंशुल शुक्ल आशा दंत चिकत्सल्य शांतिपुरम (ँअए) ने भी निःशुल्क दन्त चिकित्सा प्रदान की। इस पहल से माघ मेला में आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। 101 रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं मानवीय सेवा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर जन-कल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उक्त अवसर पर पुनर्वसु तिवारी (द्वि. कमा.अधि), डॉ. अशोक कुमार, ण्श्ङ (ध्३), नीरज कुमार (उप.कमा) डॉ. अंशुल शुक्ल (ँअए) अधक्छ आशा हेल्थ एंड वेलफेयर फाउंडेशन सहित अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कोरांव डिपो केवल कागज पर मात्र एक रोडवेज बस झूठा साबित हुआ विधायक का वादा

### दूसरी पारी समाप्ति की ओर फिर भी नहीं बदल सकीं कोरांव डिपो की नवैयत

**स्वतंत्र भारत- कोरांव** -- जों जनपद से जहां 60 किमी दूर मध्यप्रदेश से सनिन्कट बसा हुआ है। सन1968 में कोरांव डिपो की स्थापना हुई। इस दौरान जनपद प्रयागराज, मिर्जापुर, बनारस, फतेहपुर, कानपुर, फैजाबाद,ड्रामण्डगज, रीवा, नारीबारी, चाकघाट तक के लिए यहां से परिवहन की बसें संचालित होती रही। किन्तु बदलते समय के साथ सरकारी बसों के स्थान पर प्राईवेट बसों ने अपना कब्जा जमा लिया। और मनमानी ढंग से किराया वसूली तथा आवश्यकता से ज्यादा सवारियों को ले जाना तथा दुर्व्यवहार करना आम बात हो गई है। हालांकि अब देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, समाचार पत्रों एवं माननीय विधायक का ध्यान इस ओर लगातार आकृष्ट कराया गया, किन्तु व्यवस्था है कि बदलने का नाम ही नहीं ले रही। हालांकि अयोध्या में जहां श्री राम जी का मंदिर बनकर तैयार है, वहीं दूसरी ओर प्रयाग सनन भी जारी है। बावजूद इसके अभी भी परिवहन विभाग द्वारा नयी गाडियां नहीं चलाई गई, जिससे यात्रियों को कठिनाइऱ्यों का लगातार सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस सम्बन्ध में पूर्व में कयी बार माननीय विधायक सत्तापक्ष राजमणि कोल जी से बात की गई थी,जिस पर उनका बार बार यही जवाब मिलता रहा कि माननीय परिवहन मंत्री से उनकी बात हो गई और जल्द ही व्यवस्था ठीक हो जाएंगी। किन्तु लगता है कि मन्त्री जी भी मामले के प्रति जागरूक नहीं दिखाई दे रहे यही कारण है कि वादे और आश्वासन जमीन पर कहीं उतरता नहीं दिखाई दें रहें यहां जबकि माननीय का दूसरा कार्यकाल भी समाप्ति के करीब है,देखना है कि शेष समय में कोरांव डिपो का पुनर्निर्माण हो पाएगा या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। हालांकि क्षेत्रीय लोगों ने समाचार के माध्यम से मेरा तक कुछ और गाडि़यों को बढ़ाने की मांग की है, जिससे कम किराए में यात्री पर्व का लाभ उठा सकें।

## उप मुख्यमंत्री ने रू0-3181.08 लाख की लागत की 05 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

### सैफई का चश्मा उतारिये सच्चाई खुद दिखेगी - केशव मौर्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने डायट मैदान में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उनन्यन योजना के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी,अध्योध्या,बरेली व सहारनपुर में रू0-13.39 करोड़ की लागत से निर्मित कॉमन इन्क्यूवेशन सेन्टरों का उद्घाटन/लोकार्पण किया।इस कार्यक्रम का जनपद-अध्योध्या, बरेली व सहारनपुर में सजीव प्रसारण भी किया गया। उन्होंने विभिनन विभागों/स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का फीता काटकर शुभारम्भ एवं स्टॉलो का अवलोकन के दौरान स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पाद की जानकारी प्राप्त करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास खण्ड कड़ा में रू0-3078.41 लाख की लागत की जिला ग्राम्य विकास संस्थान की स्थापना के लिए आवासीय/अनावासीय भवनों का शिलान्यास किया। इसी प्रकार उन्होंने पूर्वांचल विकास निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत नगर पंचायत सिराथू के हौलीपर में रू0-49.98 लाख की लागत की विवाह घर हॉल, इण्टरलॉकिंग आदि कार्य का भी शिलान्यास किया।

## उप मुख्यमंत्री ने जिला उद्यान कार्यालय परिसर में रू0-339.10 लाख की लागत से निर्मित कॉमन इन्क्यूवेशन सेन्टर का किया उद्घाटन/लोकार्पण

### उप मुख्यमंत्री ने सरस हाट का शुभारम्भ कर स्वयं सहायता समूहों को दुकानों का किया आवन्टन

**स्वतंत्र भारत कौशाम्बी।** महेन्द्र शुक्ल स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उनन्यन योजनान्तर्गत रू0-339.10 लाख की लागत से निर्मित कॉमन इन्क्यूवेशन सेन्टर का उद्घाटन/लोकार्पण किया। उन्होंने ब्लॉक परिसर मंझनपुर में सरस हाट का शुभारम्भ कर स्वयं सहायता समूहों-रानी महिला स्वयं सहायता समूह,शारदा महिला स्वयं सहायता समूह,गौरी महिला स्वयं सहायता समूह,चारिका महिला स्वयं सहायता समूह,नारी



शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह,शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह एवं राधे महिला स्वयं सहायता समूह सहित कुल 20 स्वयं सहायता समूहों को दुकानों का आवन्टन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, विधायक चायल पूजा पाल,भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,निवर्तमान विधायक शीलता प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल व लाल बहादुर,सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा,सदस्य उ.प्र.अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी,अध्यक्ष नगर पंचायत अजुहा शान्ती देवी व सिराथू भोला यादव,अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक शिवमोहन मौर्य,अनीता त्रिपाठी, संजय जायसवाल,भोले शंकर,ब्लॉक प्रमुखगण, अध्यक्ष डीसीएफ चन्द्र दत्त शुक्ल सहित अन्य गणमान्य तथा निदेशक खाद्य प्रसंस्करण टी.के. शीबू, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## अमीरों को अमीर करने वाला बजट आम जनता के लिये बजट में कुछ भी नहीं : गौरव पाण्डेय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** आज संसद भवन में भाजपा सरकार के वित्त मंत्री के द्वारा पेश किए बजट पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि अमीरों के काम-कारोबार और घूमने-फिरने पर दस तरह की छूटें दी गई हैं।लेकिन बेरोज़गारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीदों की थाली,खाली है।मध्यम वर्ग अपने को ठगा महसूस कर रहा है।शोषित,वन्चित,गरीब व्यक्ति जहाँ था उससे भी नीचे जाता दिख रहा है। क्योंकि सामाजिक सुरक्षा शाब्दिक औपचारिकता तक सीमित होकर रह गयी है किसान,मज़दूर, श्रमिक,कारोबारी, छोटा दुकानदार अपने लिए मिली राहत को दूरबीन लेकर भी ढूँढ नहीं पा रहा है।

## माघी पूर्णिमा पर कल्पवासियों की सुरक्षित वापसी हेतु डीसीपीसी प्रयागराज के सैकड़ों स्वयंसेवक तैनात

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो** त माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर एक माह से कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों को सनन उपरांत उनके निज निवास तक सुरक्षित पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अपराध निरोधक समिति डीसीपीसी प्रयागराज के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने व्यापक स्तर पर यातायात एवं सहयोगात्मक सेवा कार्य किया। समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी एक दिन पूर्व ही माघ मेला क्षेत्र में शिविर के माध्यम से उपस्थित होकर प्रमुख घाटों, चौराहों एवं संपर्क मार्गों पर तैनात हो गए थे। सनन के उपरांत श्रद्धालुओं के उनके गंतव्य मार्गों की ओर सुचारू



आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था संभाली और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सेवा कार्य किया। यह संपूर्ण सेवा कार्य प्रदेश चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन आर.एस. वर्मा तथा पूर्व आईएएस एवं सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपनन हुआ। समिति ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए माघी पूर्णिमा पर्व को सकुशल संपनन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के सेवा कार्य में तहसील कोराव से नरेंद्र देव मिश्रा, थाना खीरी से सुभाष चंद्र जायसवाल, थाना मेजा हरिशंकर यादव आफताबथाना हंडिया से राम सजीवन व ऋषि राज, थाना होलागढ़ से शिव शंकर.

## कौशाम्बी में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा का भण्डाफोड़

### एक ही कार्य के लिये दो बार सरकारी धन का बन्दरबांट

**स्वतंत्र भारत मंझनपुर कौशाम्बी।** जनपद में मनरेगा योजना में एक बड़ा फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है जहां पर ग्राम पंचायत में एक ही कार्य के लिये दो बार सरकारी धन का बन्दरबांट किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर हुई संयुक्त जांच में जांच अधिकारी ने 2.02 लाख के गबन का खुलासा किया है। जिलाधिकारी के आदेश पर करवाई का ग्रामवासियों और शिकायतकर्ता को अभी तक इन्तजार है। मामला मंझनपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चक थाम्भा गांव का है जहां पर विकास के नाम पर सरकारी धन की खुली लूट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डीएम के आदेश पर हुई संयुक्त जांच में यह साफ हो गया है कि




एक ही नाली एवं इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य का दो अलग-अलग वर्षों में पुनः प्राक्कलन कर रू 2,02,144 की सरकारी धनराशि का दो बार भुगतान किया गया है। संयुक्त जांच आख्या के अनुसार सोमदत्त के घर से गंगा बाबा तालाब तक नाली व इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य पहले ही वर्ष 2020-21 में पूर्ण कराया जा चुका था और उसका भुगतान भी हो चुका था। इसके बावजूद वर्ष 2021-22 में उसी कार्य को दोबारा दर्शाकर मनरेगा योजना के अन्तर्गत पुनः भुगतान कर दिया गया है।जो स्पष्ट रूप से सरकारी नियमों की अनदेखी और सरकारी धन के गबन की ओर इशारा करता है।

## नाली में पाइप डालने को लेकर मारपीट, चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**स्वतंत्र भारत अजुहा कौशाम्बी।** जनपद में सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव में नाली में पाइप डालने को लेकर पीडि़त का पड़ोसियों से विवाद हो गया जिसके बाद विपक्षी मारपीट कर धमकी देने लगे, पीडि़त की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी राधा देवी पत्नि छेदीलाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार को नाली का पानी निकालने के लिए भाई मंजीत कुमार पाइप डाल रहे थे, पीडि़ता का आरोप है कि इस दौरान उसके विपक्षी गाली गलौच करने लगे और झगड़े में आमादा हो गए इस दौरान उसका छोटा भाई सचिन ने विरोध किया तो विपक्षी मारपीट करने लगे जिसमे उसका छोटा भाई सचिन गम्भीर रूप से घायल हो गया , इस दौरान विपक्षी जान से मारने की धमकी देने लगे। राधा देवी की शिकायत पर सैनी पुलिस ने परास गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार,राजेन्द्र कुमार ,सुरेन्द्र कुमार व जितेन्द्र कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ठोस-सशक्त आधार

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उम्मीदों के रंग को गाढ़ा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अर्थव्यवस्था की तस्वीर पिछले वर्षों से उठाए जा रहे सधे कदमों को और गति देने की दिशा में ठोस तथा दूरदर्शितापूर्ण प्रयास है। सबसे सबल पक्ष तेज रफ्तार विकास के लिए आशिकी के साथ आम क्रियाकलापों को और अधिक समाहित करने को भरपूर प्रोत्साहन देना है। रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान, शिक्षा, कला, खेल आदि को महत्व देना इसमें शामिल है। शहर के साथ ग्रामीण विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देने का प्रयास भी स्पष्ट दिखाई देता है। इस समय के सबसे महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिएरुपए का प्रावधान सरकार की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है। यह भारत के प्रति द्वेष भाव रखने वाले पड़ोसियों को उतना ही स्पष्ट संदेश भी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ठोके गए अतिरिक्त पचीस प्रतिशत शुल्क से निपटने के लिए भी बड़ी गहराई से कदम उठाने के प्रस्ताव बजट में हैं। रुपए में गिरावट तथा सोने चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव को संभालने के प्रयास भी किए गए हैं। देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां देने वाले औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न पक्षों को स्वाभाविक रूप से वैश्विक प्रतिस्पर्धा के समानांतर बनाने की दिशा में भूतपूर्व प्रावधान वित्त मंत्री की दूरगामी सोच को उजागर करते हैं। विज्ञान एवं अंतरिक्ष विज्ञान में भारत विकसित देशों के बराबर आने की स्थिति में है जिसे बढ़ाने को भी अधिकतम महत्व दिया गया है। पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान हमारे युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपनी भरपूर धाक जमा कर पोडियम पर आते रहने का सिलसिला कायम कर रखा है। खुद प्रधानमंत्री भी इन सफलताओं के कायल होते रहे हैं। नए बजटीय प्रावधानों से निश्चित ही यह क्रम अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। विकास को अधिकतम तेजी तथा आम जन को अधिकतम राहत इसका मूल मंत्र है। यह जरूर है कि महंगाई, बेरोजगारी और असमान आय जैसी समस्याओं के उतने स्पष्ट उपाय अभी भी नहीं मिल पाए हैं। लेकिन ये एक ही झटके में हल भी तो नहीं हो सकतीं। संक्रमण काल से गुजर रही अर्थव्यवस्था में इनका थोड़े या अधिक रूप में बने रहना अधिकांशतः देखा गया है। समग्र, समावेशी एवं गंभीर चिंतन के निष्कर्षों तथा व्यापक एवं परिपक्व दूरदर्शितापूर्ण रणनीतियों पर आधारित यह लेखा-जोखा निश्चित ही देश की भावी उपलब्धियां के लिए सशक्त व ठोस आधार के रूप में सामने आएगा।

## खुद भी सतर्क रहें

अपराधों के प्रति नो टॉलरेंस की यूपी सरकार की नीति प्रदेश भर में काफी प्रभावी साबित हुई है। पुलिस महकमे की विभिन्न शाखाओं ने इन्हें रोकने के लिए चुस्ती और सतर्कता ही नहीं दिखाई बल्कि पूरी रणनीति के साथ अपराधियों से चार कदम आगे चलते हुए उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचा रही हैं। लेकिन ऐसे भी कई लोग हैं जो अपनी ज़रूरतें या शौक पूरे करने के लिए चेन और पर्स लूट या छोटी-मोटी चोरियां करने में नहीं हिचकते। सुबह मॉर्निंग वॉक या रात में खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकलने वाले ऐसी वारदातों के शिकार अधिक बन रहे हैं। बाजार या मंदिर जाने वाली महिलाएं भी इनका निशाना बनती हैं। इन वारदातों में मोबाइल, सोने की चेन या पर्स छीनने का मकसद पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल पर आना और झपट्टा मार कर लूट लेने का तरीका अपनाया जाता है। अन्य अपराधों की तरह ये घटनाएं भी किसी तरह उचित नहीं ठहराई जा सकतीं। समस्या यह है कि कॉलोनी और मोहल्ले में यह घटनाएं ज्यादा होती है जहां सुबह या रात के वक्त ज्यादा भीड़भाड़ नहीं रहती और वहां रहने वाले ज्यादा बेफिक्र होते हैं। इसलिए यह अंदेशा भी नहीं रहता कि कोई बाइक से आकर झपट्टा मारेगा और गायब हो जाएगा। यह भी सही है कि इन सभी जगह पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं की जा सकती। हालांकि आजकल जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से इस तरह के झपट्टा मारने वाले पकड़े जा रहे हैं लेकिन सभी घटनाओं में ऐसा नहीं हो पाता। इन्हीं दो बातों का फायदा उठाते हुए ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। तब जरूरी है कि पुरुषों और महिलाओं सहित सभी लोग इस बारे में भी सतर्कता बरतें। ठीक उसी तरह जैसे सड़क पर चलते हुए कोशिश रहती है कि किसी वाहन से टकराने न पाएं, गड्ढों से बचकर चले ताकि उनमें गिरना या ऐसे ही अन्य सावधानियां। ऐसी कोई स्थिति बनने ही न पाए जिसमें कोई झपट्टा मार हरकत करने में कामयाब हो सके। सामूहिक रूप से इस सतर्कता के लिए जागरूक होना भी अब जरूरी है। इसका असर लोगों पर खुद ही दिखने दिखाई देने लगेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सुनेत्रा पवार बन गयीं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री**
भाजपा समर्थित वंशवाद लोकतांत्रिक होता है!

**मेरी सिर्फ एक ही पार्टी है कांग्रेस -शशि थरूर**
और सिर्फ एक ही आदर्श नेता है नरेंद्र मोदी!

**बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिये बाहर-शाह**
चुनाव आयोग नागरिकता जांच नहीं मानता!

**मोदी सरकार सलाह बिना फैसले ले रही-कांग्रेस**
सर्जिकल स्ट्राइकों का विश्व कीर्तिमान बनाना है!

**उन्नीस सौ करोड़ से बनेगा राममंदिर-नृपेंद्र मिश्रा**
रामभक्तों पर गोली चलवाना फायदेमंद रहा!

**आपसी नफरतों में फंसे पुतिन और जेलेंस्की-ट्रंप**
दो बिल्लियों की लड़ाई में बंदर का फायदा!

♦♦♦

# विकसित भारत की नींव रखने वाला साहसिक बजट

**यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं।**



डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर बजट को आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है। इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं। यद्यपि बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है। बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे। खास बात यह भी है कि आगामी वर्ष के बजट के तहत वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच सूझबूझ पूर्ण संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और सात फीसदी से अधिक विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। गौरतलब है कि नए बजट के तहत वित्त मंत्री ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चिता, भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में धीमेपन के बीच अगली पीढ़ी के सुधार, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालीन विकास की रणनीति के साथ घरेलू मांग की मजबूती पर्यावरण नवाचार, उद्यमिता बुनियादी ढांचा, कृषि विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्वदेशी प्रोत्साहन और हरित ऊर्जा पर बड़े ऐलान किए हैं। इनके साथ-साथ भारत को वैश्विक बायो फॉर्मा केंद्र बनाने, शहरी आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण, नए राष्ट्रीय जल मार्ग, सात हाई स्पीड कोरिडोर, व्यापार सुगमता, कंटेंनर निर्माण, बुजुर्गों के लिए मजबूत इकोसिस्टम, टीयर-2 और टीयर-3 शहरों के विकास के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं।

निश्चित रूप से वित्तमंत्री इस बजट के माध्यम से युवाओं के रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। नए बजट में हर क्षेत्र में आर्टिफिशल इटेंलिजेंस (एआई) को अहमियत हेतु प्रावधान किए गए है, ताकि भारत एआई का वैश्विक हब बन सके। चूँकि इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश से भी देश की बाहरी सुरक्षा के खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए बजट में अधिक धन का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने इस बजट में भारत को दुनिया के बाजार और अधिक प्रभावी रूप से जुड़ने और भारत को निर्यात का नया हब बनाने के लिए नई रणनीति प्रस्तुत की है। भारत को यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बाद दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पादों की




बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने के प्रोत्साहनमूलक प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं अमेरिका के द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर वित्त मंत्री नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। निश्चित रूप से वित्त मंत्री ने इस बजट में सीमा शुल्क के लिए जहाँ राहत दी है, वहीं सीमा शुल्क में सुधार भी किए है।

निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का प्रस्तुत बजट कोई साधारण वार्षिक बजट नहीं है, बल्कि यह बजट देश के आर्थिक परिदृश्य को ऐतिहासिक मोड़ देने वाला बजट है। उम्मीद करें कि इस बजट से जहाँ देश में साहसिक सुधारों का नया युग शुरू होगा, वहीं आम आदमी के लिए अधिक राहत और देश के लिए तेज विकास का नया परिदृश्य निर्मित होगा। उम्मीद करें कि एक ओर वित्त मंत्री वर्ष 2026-27 के बजट के बजट के लक्ष्य के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रखने में कामयाब होगी। उम्मीद करें कि इस अभूतपूर्व बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### पंचम अध्याय

(गतांक से आगे)

(रामचरितमानस, 7/119/3) - परम प्रकाशरूप है। है तो, किन्तु हमारे उपभोग के लिये तो नहीं है, दिखायी तो नहीं देता? जब ज्ञान द्वारा अज्ञान का आवरण हट जाता है तो उसका वह ज्ञान सूर्य के सदृश परमात्मा को अपने में प्रवाहित कर लेता है। फिर उस पुरुष के लिये कहीं अन्धकार नहीं रह जाता। उस ज्ञान का स्वरूप क्या है?-

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः । गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ।।17।।

जब उस परमतत्त्व परमात्मा के अनुरूप बुद्धि हो, तत्त्व के अनुरूप प्रवाहित मन हो, परमतत्त्व परमात्मा में एकीभाव से उसकी रहनी हो और उसी के परायण हो, इसी का नाम ज्ञान है। ज्ञान कोई बकवास या बहस नहीं है। इस ज्ञान द्वारा पापरहित हुआ पुरुष पुनरागमनरहित परमगति को प्राप्त होता है। परमगति को प्राप्त, पूर्ण जानकारी से युक्त पुरुष ही पण्डित कहलाते हैं। आगे देखें-

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि । शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।18।।

ज्ञान के द्वारा जिनका पाप शमन हो चुका है, जो 'अपुनरावर्ती परमगति' को प्राप्त हैं, ऐसे ज्ञानीजन विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण तथा चाण्डाल में, गाय और कुत्ते में तथा हाथी में समान दृष्टिवाले होते हैं। उनकी दृष्टि में विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण न तो कोई विशेषता रखता है और न चाण्डाल कोई हीनता रखता है। न गाय धर्म है, न कुत्ता अधर्म और न हाथी विशालता ही रखता है। ऐसे पण्डित, ज्ञाताजन समदर्शी और समवर्ती होते हैं। उनकी दृष्टि चमड़ी पर नहीं रहती, बल्कि आत्मा पर पड़ती है। अन्तर केवल इतना है, विद्या-विनयसम्पन्न स्वरूप के समीप है और शेष कुछ पीछे हैं। कोई एक मंजिल आगे है, तो कोई पिछले पड़ाव पर। शरीर तो वस्त्र है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**दानशक्ति प्रिय बोलिबो, धीरज उचित विचार ।**
**ये गुण सीखे ना मिलैं, स्वाभाविक हैं चार ।।**

मनुष्य के अंदर कुछ गुण स्वंय से उत्पन्न होते हैं। जैसे दान करना, मीठी बातें करना, लोगों की सेवा करना, समय पर सही-गलत का निर्णय लेना। इसे कहीं और से नहीं सिखा जा सकता।

♦♦♦

# तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर?



-तनवीर जाफ़री

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को ख़राब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे 'देश-विरोधी' या 'भारत को बदनाम करने' की साज़िश तक बताती है। सवाल यह है कि आख़िर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिये जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यू के) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का ख़तरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या ग़लत कहा था? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को 'भारत को बदनाम करना' बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर 'हमला' हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा 'विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना' बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गाँधी ने बर्लिन (जर्मनी) में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे 'संस्थानों को बदनाम करने की साज़िश' बताया था। राहुल गाँधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को 'एंटी-इंडिया फ़ोर्सेज़' से जोड़कर कांग्रेस को कमज़ोर करने की कोशिश करने लगती है। यहाँ तक कि कुछ भाजपा नेता इसे 'चाइना की तारीफ़' या 'विदेशी हस्तक्षेप' को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की 'ग्लोबल इमेज' ख़राब होती है। इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गाँधी का कहना है कि वे सिर्फ़ 'सच्चाई' बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाज़ा राहुल भाजपा के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी ख़ुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे 'साइलेंट करने' की कोशिश बताती है। और सच भी है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं, और यह 'फ्री स्पीच' का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नज़र आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गयी राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार ख़ुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मज़बूत बनी हुई है?

इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने 2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि 'पिछले 70 सालों में भारत में कुछ ख़ास नहीं हुआ', 'पहले लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे', या '70 साल में विकास नहीं हुआ'। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, ग़रीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की 'कमज़ोर विदेश नीति', उनके 'घोटालों' या उस दौर में 'विकास की कमी' पर ज़ोर दिया है। कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को 'भारत की बदनामी' बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में 'भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया' या 'पिछले शासकों ने देश को कमज़ोर बनाया' आदि। कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों ख़ास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी ख़ुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं। ऐसे में यह समझना भी ज़रूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरोपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षड्यंत्र मात्र है? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हक़ीक़त में देश की बदनामी होती है? क्या ग़लत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का क़ब्ज़ा नहीं होता जा रहा? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिये नहीं किया जा रहा? जब देश में मॉब लिंचिंग होती है तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश में सत्तारूढ़ दल की ओर से मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर के लोग खुले आम साम्प्रदायिकता फैलाने वाली बातें कर ओछी राजनीति करते हैं तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश की राजनीति को संविधान से अलग हटकर सांप्रदायिकता के रंग में चलाने के प्रयास क्या देश की बदनामी का कारण नहीं?



## प्रेरक प्रसंग

### परिश्रम और भाग्य

एक पान वाला था। जब भी पान खाने जाओ ऐसा लगता कि वह हमारा ही रास्ता देख रहा हो। हर विषय पर बात करने में उसे बड़ा मज़ा आता। कई बार उसे कहा की भाई देर हो जाती है जल्दी पान लगा दिया करो पर उसकी बात ख़त्म ही नही होती।

एक दिन अचानक कर्म और भाग्य पर बात शुरू हो गई। तक़दीर और तदबीर की बात सुन मैनें सोचा कि चलो आज उसकी फ़िलासफ़ी देख ही लेते हैं। मैंने एक सवाल उछाल दिया।

मेरा सवाल था कि आदमी मेहनत से आगे बढ़ता है या भाग्य से?

और उसके जवाब से मेरे दिमाग़ के सारे जाले ही साफ़ हो गए।

कहने लगा,आपका किसी बैंक में लाकर तो होगा? उसकी चाभियाँ ही इस सवाल का जवाब है। हर लाकर की दो चाभियाँ होती हैं।

एक आप के पास होती है और एक मैनेजर के पास।

आप के पास जो चाभी है वह है परिश्रम और मैनेजर के पास वाली भाग्य।

जब तक दोनों नहीं लगतीं ताला नही खुल सकता।

आप कर्मयोगी पुरुष हैं ओर मैनेजर भगवान।

आप को अपनी चाभी भी लगाते रहना चाहिये। पता नहीं ऊपर वाला कब अपनी चाभी लगा दे। कहीं ऐसा न हो की भगवान अपनी भाग्यवाली चाभी लगा रहा हो और हम परिश्रम वाली चाभी न लगा पायें और ताला खुलने से रह जाये..!!

## आपका पत्र मिला

### विकसित भारत की राह का दूरगामी सोच वाला बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार और भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार रविवार, एक फरवरी को देश का बजट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता तात्कालिक लोकलुभावन घोषणाओं से अधिक दीर्घकालीन राष्ट्र निर्माण है। आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से पहले भारत को विकसित राष्ट बनाने की दिशा में यह बजट एक ठोस संकेत देता है। इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय घोषणा कैंसर व दुर्लभ बीमारियों में प्रयुक्त जीवनरक्षक दवाओं पर आयात शुल्क समाप्त करना रही, जिससे लाखों मरीजों को सीधी राहत मिलेगी। जबकि विपक्ष हमेशा सरकार पर आम आदमी की उपेक्षा का आरोप लगाता रहा है, यह निर्णय उस आरोप को कमजोर करता है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि भारत को केवल इलाज का केंद्र ही नहीं, बल्कि विश्वसनीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। भारत की चिकित्सा सेवाएं पहले से ही दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में सस्ती और प्रभावी हैं। इसी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से बजट में तीन नए एम्स और पाँच मेडिकल हब स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे जिस पर विपक्ष अक्सर सरकार को घेरता रहा है। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए सरकार ने देशभर के जिलों में बालिकाओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल निर्माण का निर्णय लिया है। यह फैसला उन आलोचकों के लिए जवाब है जो सरकार को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित बताते हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम इस बजट की एक और मजबूत कड़ी हैं।

**अरविंद रावल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# भारत की पहली महिला जिसने फाइटर जेट उड़ाया

इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में महिला सशक्तिकरण का शानदार नजारा दिखा। एयरफोर्स से लेकर नौसेना की झांकी से लेकर एयरफोर्स और सीआरपीएफ तक महिला अधिकारियों ने नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। सशस्त्र सुरक्षा बलों में महिलाओं की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। इन्हीं सशक्त महिलाओं में से एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी का नाम एयरफोर्स के इतिहास में दर्ज हो गया है। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों में से एक हैं। साथ ही पहली भारतीय महिला हैं जिसने फाइटर जेट को सोलो उड़ाया। यह सिर्फ़ एक उपलब्धि नहीं थी, यह भारतीय सोच की सीमा को चीरने वाला पल था। आइए जानते हैं पायलट अवनी चतुर्वेदी के बारे में।

भारत की पहली महिला फाइटर जेट पायलट कौन हैं?

उत्तर है फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी।

अवनी भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों की तिकड़ी में शामिल थीं। पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने MiG-21 Bison को सोलो उड़ाया।

**अवनी चतुर्वेदी का प्रारंभिक जीवन**

अवनी चतुर्वेदी का जन्म 27 अक्टूबर 1993 को मध्य प्रदेश के रीवा ज़िले में हुआ। य ह इ ला का कि सी एविएशन हब के लिए नहीं जाना जाता, लेकिन यहीं से एक इतिहास न ... उड़ान भरी।



**अवनी चतुर्वेदी की शिक्षा**

स्कूली शिक्षा- देओस, मध्य प्रदेश कॉलेज- बनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान। पढ़ाई के दौरान एनसीसी से जुड़ी और यहीं से वायुसेना का सपना पुख्ता हुआ।

**सपनों को मिला परिवार का सहारा**

अवनी चतुर्वेदी के पिता सतीश चतुर्वेदी, भारतीय सेना में अधिकारी रह चुके हैं और मां गृहिणी हैं। जब घर में अनुशासन और देशसेवा की समझ हो, तो बेटियां भी आसमान को लक्ष्य बनाती हैं।

**भारतीय वायुसेना में चयन का सफर**

2016 में भारतीय वायुसेना ने इतिहास रचा जब महिलाओं को पहली बार फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया। इन महिलाओं में शामिल थी, अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोहना सिंह। वायुसेना की इन ... महिला अधिकारियों ने

हैदराबाद एयर फोर्स अकादमी से प्रशिक्षण लिया।

उनका स्ट्रीम फाइटर पायलट है।

एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग Hawk Mk-132 है।

उनका चयन सिर्फ़ योग्यता के आधार पर हुआ। कोई रियायत नहीं, कोई शॉर्टकट नहीं।

ऐतिहासिक उपलब्धि- MiG-21 की सोलो उड़ान।

19 फरवरी 2018 को भारतीय वायुसेना के इतिहास का सुनहरा दिन था। अवनी चतुर्वेदी ने MiG-21 Bison अकेले अंबाला एयरबेस से उड़ाया। MiG-21 दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण फाइटर जेट्स में गिना जाता है।

**करियर और जिम्मेदारियां**

अवनी चतुर्वेदी को फाइटर स्क्वाड्रन में तैनाती मिली।

एयर डिफेंस, इंटरसेप्शन और कॉम्बैट ट्रेनिंग में सक्रिय भूमिका निभाई।

ऑपरेशनल फाइटर पायलट के तौर पर कार्यरत रहीं।

**पुरस्कार और पहचान**

देश-विदेश में भारतीय महिला सशक्तिकरण की पहचान।

कई राष्ट्रीय मंचों पर सम्मान।

युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल।

# निर्मला सीतारमण : साड़ी से सियासी संदेश?



इस बार कांजीवरम साड़ी... 8 साल में निर्मला सीतारमण ने साड़ी से कब क्या दिए सियासी संदेश? भारत में यूनियन बजट का दिन हमेशा एक हाई-प्रोफाइल इवेंट होता है, जिसे नागरिक, बिज़नेस और ग्लोबल इन्वेस्टर सभी देखते हैं. टैक्स से जुड़े ऐलानों, सरकारी खर्च और आर्थिक नीति पर सबकी नजर होती है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दिन के फैशन में एक और एलिमेंट जोड़ा है, जो कल्चर और हेरिटेज को दिखाता है। 1 फरवरी, 2026 को अपने लगातार नौवें बजट प्रेजेंटेशन के लिए, सीतारमण ने हाथ से बुनी हुई शानदार कांजीवरम साड़ी पहनी थी, सिल्क की है. यह साड़ी अपने चमकीलेरंगों, रिच टेक्सचर और सोने की ज़री के बॉर्डर के लिए मशहूर है.

पिछले कुछ सालों में साड़ी का सेलेक्शन सोच-समझकर किया गया है, जो भारत की क्षेत्रीय कपड़ा परंपराओं और स्थानीय बुनकरों की कला को लाइम-लाइट में लाती है.

कांचीवरम साड़ीः विरासत का प्रतीक

तमिलनाडु से संबंधित कांजीवरम साड़ी का इतिहास सदियों पुराना है. बजट के दिन इसे पहनकर, निर्मला सीतारमण न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत को अपनाती हैं, बल्कि आधुनिक आर्थिक युग में पारंपरिक कारीगरी की अहमियत को भी बारीकी से उजागर करती हैं। कांचीवरम साड़ियों को भारत की सबसे प्रतिष्ठित हाथ से बुनी सिल्क साड़ियों में गिना जाता है. अपने चमकीले रंगों, मोटी बॉर्डर और सोने की ज़री के काम के लिए.जानी जाने वाली ये साड़ियां सुंदरता और टिकाऊपन की पहचान हैं। अपने नौवें बजट के लिए कांचीवरम साड़ी चुनकर, निर्मला सीतारमण ने भारत की समृद्ध बुनाई परंपराओं को अहमियत दी है. इसके साथ ही, अपने प्रजेंटेशन में गरिमा और अधिकार का भाव भी जोड़ा है.

**साल-दर-साल वित्त मंत्री की स्पेशल साड़ी**

वित्त मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, निर्मला सीतारमण स्पेशल साड़ियां चुनने के लिए पहचानी जाती है।

**2025**- बिहार की मधुबनी की साड़ी, जिसमें मछली के मोटिफ थे. इसके जरिए क्षेत्रीय फोकस को उजागर किया गया।

**2024**- आंध्र प्रदेश और बंगाल की मंगलगीरी कॉटन और और टसर सिल्क ने क्षेत्रीय विकास का संकेत दिया।

**2023**- कसूती कढ़ाई वाली लाल इल्कल साड़ी, जो ताकत और निरंतरता का प्रतीक है।

**2022**- ओडिशा की बोमकाई साड़ी, जिसने ग्रामीण सशक्तिकरण को उजागर किया.

**2021**-तेलंगाना की पोचमपल्ली इकत ने महामारी के बाद लचीलेपन को दर्शाया.

**2020**- चमकीली पीली-सुनहरी सिल्क साड़ी।

**2019**-सुनहरे बॉर्डर वाली गुलाबी मंगलगीरी साड़ी।

निर्मला सीतारमण की हर साड़ी एक कहानी कहती है और 2026 के लिए कांजीवरम साड़ी मकसद के साथ फैशन की इस परंपरा को जारी रखती है।

# त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाती है तुलसी





तुसली का धार्मिक महत्व तो आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपको स्किन केयर में इसका इस्तेमाल मालूम है? बता दें, ये आपको त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं जैसे पिंपल्स, दाग-धब्बे और ब्लैकहेड्स से छुटकारा दिला सकती है। आइए बिना देर किए जान लीजिए इसका इस्तेमाल और फायदे। ऐसे तुलसी दिलाएगी दमकती त्वचा : तुलसी में प्यूरिफाइंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में ये आपकी स्किन के पोर्स को डीप क्लीन तो करती ही है, साथ ही स्किन पर होने वाली रेडनेस और इरीटेशन से भी राहत दिलाती है। इसके लिए आप थोड़े पानी में इसकी कुछ पत्तियां डालकर उसे उबाल लें और रोजाना फेस वॉश के बाद इसे टोनर के रूप में यूज करें। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से निजात दिलाने का काम करते हैं। इसके लिए आप इसे सुखाकर इसका पाउडर बना लें और इसे मुलतानी मिट्टी और एलोवेरा जेल के साथ फेसपैक की तरह इस्तेमाल करें। आजकल के अनहेल्दी खान-पान में त्वचा पर पिंपल्स से हर कोई परेशान रहता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप तुलसी के पत्तों को पीसकर इसमें एक चुटकी हल्दी पाउडर और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। इससे आपको कील-मुंहासों से छुटकारा मिल सकता है। अक्सर पिंपल्स जाने के बाद जो दाग-धब्बे चेहरे पर ठहर जाते हैं, उनसे छुटकारा पाने के लिए भी तुलसी का यूज काफी फायदेमंद है। इसके लिए आप एक मिक्सर में तुलसी के पत्ते, संतरे के छिलके और गुलाब जल मिलाकर इसके पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए लगा सकते हैं। इससे ये निशान धीरे-धीरे कम होने लगेंगे। ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए भी आप तुलसी का यूज कर सकते हैं। इसके लिए आपको इसे नीम के कुछ पत्तों और शहद के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाना है और 10 मिनट बाद धो लेना है। ये फेस पर आने वाले एक्सट्रा ऑयल के साथ-साथ आपकी स्किन को कई समस्याओं से निजात दिला सकता है।

# स्प्रिंग सीजन में ये ड्रेसेस होंगी कूल और स्टाइलिश?



थोड़े दिनों में ही स्प्रिंग सीजन शुरू होने वाला है और इस सीजन में महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए एक से एक आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी स्प्रिंग सीजन के लिए लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस तलाश रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट और ट्रेंडी ड्रेसेस बताएंगे, जो स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए परफेक्ट रहेगी।

**शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस**

अपनी खूबसूरती से सभी को अट्रैक्ट करने के लिए और स्प्रिंग सीजन के दौरान अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप इस तरह की शोल्डर स्ट्रेप मिडी लेंथ फ्लोरल प्रिंट ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको नजदीकी बाजार में किसी शॉप पर मिल जाएगी या आप इसे ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से भी खरीद सकती हैं।

**ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस**-अगर आपको एक से एक ड्रेस पहनना पसंद हैं और आप बदल-बदल कर ड्रेस ट्राई करती हैं, तो आपके लिए इस तरह की ग्रीन फ्लोरल प्रिंट व्रैप स्टाइल ड्रेस भी एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकती हैं। इसे आप स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। इस तरह की ड्रेस स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए बेस्ट हो सकती हैं।

**ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस**

अगर आप स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए ड्रेस तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत ऑफ व्हाइट फ्लोरल प्रिंट ए-लाइन ड्रेस को स्प्रिंग सीजन के दौरान पहनकर अपने कॉलेज या ऑफिस जा सकती हैं। ऐसे ड्रेस आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी साथ ही आपकी खूबसूरती को भी बढ़ा देगी।

**फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस**

अगर आप वर्किंग वुमन हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो स्प्रिंग सीजन के दौरान आप इस फ्लोरल प्रिंट हॉल्टर नेक लेयर्ड ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। ऐसी ड्रेस खासकर स्प्रिंग सीजन में पहनने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे आप नजदीकी बाजार से खरीद सकती हैं या ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर भी आपको मिल जाएगी।

# हिंदू एकता की बात : दिखावे के हाथी दांत!

देश की सत्ताधारी पार्टी भी खूब मज़ाकिया है।सामान्यतया हिंदू समाज में होली में हँसी ठिठोली चलती है और अंग्रेज़ी पद्धति पर चलें,तो पहली अप्रैल को एक दूसरे को मूर्ख बनाने की परम्परा है;किंतु अपनी सत्ता वाली पार्टी जब चाहती है दिल्लगी करने लगती है।उसके कर्णधारों को भ्रम है

**- रघोत्तम शुक्ल**

कि आम हिंदू बुद्धिहीन है,सिर्फ उनको यानी नेतावों को ही ब्रह्मा जी से सारी बुद्धि मिली है।अब देखिये-जगह जगह हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।इनमें बैनर चाहे जो हो,वे सब है सत्त्ताधीशों के चट्टे बट्टे ही।इन मञ्चों से वक्तागण हिंदू एकता का आह्वान गला फाड़ फाड़ कर कर रहे हैं।इतना ही नही,कुछ ही दिन पहले सन्यासीनुमा नेता ने एक नारा दिया था,÷बटोगे तो कटोगे÷।इशारा साफ था कि सारे हिंदुवो !अगर एक और संगठित नहीं होगे,तो मुसलमान तुम्हें जीने नहीं देंगे।हालॉकि असलियत यह है कि सरकार खुद हिदू को बॉट रही है और उसका एकता का आह्वान सिर्फ इसलिये है कि संगठित होकर हमारी पार्टी के वोट बैंक बनो।वैसे रोजमर्रा के व्यावहारिक जीवॅन में लड़ो।लड़ने और सिर फुटौव्वल के मुद्दे हम देते रहेंगे।जरा सोचिये जब तक जातीय आरक्षण मौजूद है और हिंदू चार भागों मे बॅटा है और परस्पर उनके हित टकराते हैं,तबतक वे एक कैसे हो पायेंगे?पहले आरक्षणीय विभाजन से हिंदू के तीन विभाजन थे-दलित,अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य।भाजपा/मोदी ने सामान्य के भी दो टुकड़े कर दिये।इसके द्वारा 10त्न गरीब सामान्य को हिस्सा देकर %जनरल% के प्रतिभावान युवकों के पैरों में बेड़ियॉ डाल दी गईं।मालूम हो कि संविधान में यह व्यवस्था 10 वर्ष के लिये की गई थी,लेकिन अब यह द्रौपदी के चीर की तरह कभी न खत्म होने वाली हो गई है।ज्यादा नम्बर पाने वाला क्लर्क और कम नम्बर पाने वाला कलेक्टर बनाया जा रहा है।तब पारस्परिक द्वेष और डाह कैसे नहीं होगा!%हित अनहित पशु पक्षिहु जाना%।एक दलित ऐक्ट भी है,जिसमें उस वर्ग के कथित उत्पीड़न पर केवल उसके कह देने मात्र से गैर दलित की गिरफ्तारी हो जाती है।इतना घातक हथियार हिदू के एक वर्ग को दिया गया है,दूसरे हिदू वर्ग पर चलाने के लिये।यह दुष्ट कार्य कॉग्रेस सरकार ने किया था;कितु मोदी युग में सुप्रीमकोर्ट ने एक हलकी सी राहत दी थी,कि पहले जॉच करा ली जाय तब गिरफ्तारी हो;किंतु मोदी ने आनन फानन में इस रियायत को धूल चटा दी।पहले कानून बनाकर,फिर पैरवी करके अदालत से पलटवा दिया।यह है मोदी की सवर्ण विनाशिनी नीति!

इतनी मार से कराह रहे सवर्ण को नरेद्र जी ने यूजीसी नियमावली में परिवर्तन कर उच्च शिक्षण संस्थावों में,हाल ही में,सवर्ण पर एक भीषण प्रहार और किया था,जो फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगित कर दिया गया है।अंतिम निर्णय अभी बाकी है। उक्त परिस्थितियों मे सरकारी पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा किये जा रहे हिंदू सम्मेलन और हिदू एकता की पुकार केवल चुनाव में वोटों से उनकी झोली भरने का हथकण्डा ही है।सवर्ण वर्ग अपना अलग संघ बनाये और चुनाव में प्रत्याशी खड़े करके सदनों में पहुॅचाये।तभी उनकी कुछ आवाज़ होगी।इस मिशन में वह मुसलमानो को अपने साथ ले ले,क्योंकि मौजूदा सरकार का रवैया उनके प्रति भी बहुत उपेक्षा पूर्ण एवं त्रासक है।ये दोनो राम-सुग्रीव की तरह अत्याचार को पराजित कर सकते है।

# आंखों के डार्क सर्कल्स को दूर करने के लिए लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

आंखों के आस-पास होने वाले ये काले गहरे घेरे, डार्क सर्कल्स कहलाते हैं। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे आपकी लाइफस्टाइल, डाइट, स्क्रीन टाइम, कोई एलर्जी और सोने की आदतें आदि। इन वजहों से, डार्क सर्कल्स की समस्या हो सकती है और यह जल्दी ठीक भी नहीं होते। इसलिए जरूरी है कि हम इन आदतों में बदलाव करें ताकि डार्क सर्कल्स की परेशानी न झेलनी पड़े। आइए जानतें हैं किन हेल्दी आदतों की मदद से डार्क सर्कल्स से छुटकारा पाया जा सकता है। डार्क सर्कल्स की सबसे बड़ी वजह नींद पूरी न होना होता है। इसलिए रोज 7 घंटे की नींद जरूर लें और अपने सोने और उठने का टाइम फिक्स करें ताकि आपकी स्लीप साइकिल दुरुस्त रहे। डार्क सर्कल्स की एक वजह स्किन में मॉइस्चर की कमी भी है। आंखों के आस-पास की त्वचा का अक्सर ही हम ख्याल नहीं रखते। इसकी वजह से, आपकी आंखों के आस-पास का एरिया पिग्मेंटेड हो जाए। इसलिए रोज अपनी आंखों के आस-पास की त्वचा को भी मॉइस्चराइज करें। इसके अलावा, मॉइस्चराइज करने से आंखों के आस-पास फाइन लाइन्स की समस्या भी नहीं होती। शरीर में पानी की कमी की वजह से आपकी आंखों के पास डार्क सर्कल्स हो सकते हैं। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी की कमी की वजह से, त्वचा में रूखेपन की समस्या भी हो सकती है। सूरज की रोशनी मेलानिन के प्रोडक्शन को बढ़ाती है, जिस वजह से आंखों के आस-पास पिग्मेंटेशन भी हो सकती है। इसलिए बाहर निकलने से पहले सन स्क्रीन लगाना न भूलें। इसके साथ ही, सन स्क्रीन आपकी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाता है। एंटी-ऑक्सिडेंट्स एंटी-ऑक्सिडेंट्स डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये ऑक्सिडेटिव डैमेज को कम करने में भी मदद करते हैं। आप इसे अपनी डाइट में संतरा, कीवी, ब्रोकली आदि को शामिल कर सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**सोमवार, 2 फरवरी, 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ फाल्गुनी मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, प्रतिपदा तिथौ सोम वासरे 25/53/ आश्लेषा नक्षत्रे 22/48/ आयुष्मान योग 07/21/ बालव करणे 14/46/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.22मि.48पर।

**व्रत एवं त्यौहार** - फाल्गुन मास कृष्ण पक्षारम्भ।

**मेष :** परिश्रम से ही महान कार्यों की सिद्धि होगी। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। शुभ कार्यों का परिणाम उत्साहवर्धक होगा। दुविधाएं समाप्त होंगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का भय होगा।

**कर्क :** रुके धन की प्राप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीडा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी। अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या :** संदेह और संकोच नष्ट हो जाएंगे। नवीन योजनाओं के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होंगे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** भविष्य की योजनाएं पूरी होंगी। अभिभावकों की मदद मिलेगी। नये संपर्कों पर व्यय होगा।

**धनु :** आय व्यय समानता रहेगी। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मनोकूल कार्य की सिद्धि होगी। सश्रम सफलता मिलेगी।

**मकर :** जनसंपर्क बढ़ेगा। संचित धन व्यय होगा। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। वृद्ध परिजन को स्वास्थ्य हानि मिलेगी।

**कुंभ :** मित्रों से उपहार मिलेंगे। धार्मिक कृत्यों में आस्था होगी। पत्नी का सुख उत्तम रहेगा।

**मीन :** धार्मिक कार्यों में आस्था रहेगी। पराक्रमों में वृद्धि होगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। विशेष प्रयास सार्थक होंगे।

# संतुलन की पतली रस्सी पर बजट 2026

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**



1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरुआत ही स्थिरता, निरंतरता और दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया। राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ रुपये तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली और तेज मंजूरी प्रक्रिया जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है—निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे? मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में लगभग 40 प्रतिशत योगदान देता है, को इस बजट में ठोस कर राहत? मिली है। पुरानी कर व्यवस्था में मानक कटौती को 50,000 रुपये से दोगुना बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह और अधिक उदार है। नई कर व्यवस्था में स्लैबों को सरल बनाया गया—5 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर। शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाया गया (10 लाख रुपये तक), जबकि किराया टीडीएस सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपये किया गया। दो स्व-व्यवहृत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत का प्रावधान, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष किया गया। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 धाराओं में सरलीकृत करने का वादा सराहनीय है। ये कदम करदाता को राजस्व का मात्र स्रोत न मानकर भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, वरना ये राहतें कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह सकती हैं। कृषि क्षेत्र, जो अभी भी 18 प्रतिशत जीडीपी और 65 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का आधार है, पर बजट ने विशेष ध्यान दिया। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना को 100 जिलों में विस्तारित किया गया, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन, सिंचाई और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर। पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई। मत्स्य पालन विकास के लिए अंडमान-लक्षद्वीप में आर्थिक क्षेत्र घोषित, फल-सब्जी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का प्रावधान।



# नवनिर्मित पुलिस बूथ रसिकापुर का उद्घाटन कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**महाराजगंज जौनपुर** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा नवनिर्मित पुलिस बूथ रसिकापुर, थाना तेजी बाजार का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर ने कहा कि पुलिस बूथ के शुरू होने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा आम जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध होगी। क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे आम जनमानस के प्रति संवेदनशील, सहयोगात्मक और जिम्मेदार व्यवहार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि लोग निडर होकर अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पुलिस बूथ पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर पुलिस बूथ की स्थापना से अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था और जनसंपर्क में मजबूती आएगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान थाना तेजी बाजार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्मित पुलिस बूथ को जनसेवा और सुरक्षा का मजबूत केंद्र बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस बूथ की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी कदम बताया।

## नवागत सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला जेल का निरीक्षण

स्वंतत्र भारत विस मऊ।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार यादव तृतीय के मार्गदर्शन में शनिवार नवागत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मऊ साक्षी सिंह एवं न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड मऊ सागर सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों को उनके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक किया गया साथ ही बंदियों के रहने खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा, पोषण और खेलकूद की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। सचिव ने बंदियों को आश्वस्त किया कि जिन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है उन्हें प्राधिकरण की ओर से निशुल्क वकील और कानूनी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक,जेलर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कविता का रंग और देशभक्ति की भावना

**मुंगराबादशाहपुर जौनपुर।** नगर के ललहरिया मोहल्ला स्थित हैप्पी मॉडल पब्लिक स्कूल एवं बीएनपीएन इण्टर कॉलेज के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय समारोह का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, मुशायरा एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डा0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रबंधक उदय प्रताप सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक राम अक्षैबर पाण्डेय एवं चंद्र बहादुर सिंह चंद ने संयुक्त रूप से मां वीणा पाणी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर डा0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने स्थानीय पत्रकारों एवं कवियों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और पेन-डायरी भेंट कर सम्मानित किया।कवि सम्मेलन का संचालन प्रयागराज के प्रसिद्ध हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर ने किया और अध्यक्षता उदय राज मिश्र %उजड्ड% ने की। कवित्री मीरा तिवारी ने सरस्वती वन्दना ÷वीणा मधुर बजा दो मां÷ पढ़ कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया। बिहारी लाल अम्बर ने अपनी रचना ÷न तो धरती न कोई गगन चाहिए, न सुमन चाहिए न चमन चाहिए। बस तमन्ना यही बाद मरने के भी, इस बदन पर तिरंगा कफन चाहिए÷ प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।सुल्तानपुर से पधारे हास्य कवि सम्मेलन बृजेश पाण्डेय इन्दू सुल्तानपुरी, प्रतापगढ़ से पधारे ओज कवि डा0 रणजीत सिंह, हास्य कवि दिनेश सिंह गुग्गुल, शायर मखदूम फूलपुरी, ओज कवि निखिलेश मालवीय, गीतकार विकास उपाध्याय वैभव, श्रृंगार रस की कवित्री मीरा तिवारी, प्रतिमा मिश्रा, कैसर जौनपुरी आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।इस मौके पर प्रबंधक उदय प्रताप सिंह, राम अक्षैबर पाण्डेय, प्रधानाचार्या श्रीमती राजबाला सिंह, अंशुमान सिंह, राजन सिंह, रमेश मिश्रा, राजीव प्रताप सिंह %राजू%, विनय सिंह %पिंटू%, मनोज सिंह, ननकऊ जौनपुरी, उपमा सिंह, बृजेश सिंह, सर्वजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। अंत में सह संयोजक अंशुमान सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित बनियाबान तिराहे के समीप खाली पड़े मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। पीड़ित परिवार को अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिल सका है।मधुबनङ्कदोहरीघाट मार्ग पर स्थित यह दो मंजिला मकान सीआईएसएफ में तैनात जवान अशोक कुमार सोनकर का है। मकान के निचले हिस्से में ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय चलता है, जबकि ऊपरी हिस्से में परिवार कभी-कभी रहता है। मकान मालिक 17 जनवरी को ही ऋषिकेश अपनी ड्यूटी पर चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी शोभा देवी बच्चों के साथ देवरिया स्थित मायके में रहती हैं।शनिवार की देर रात चोरों ने मकान के मुख्य गेट व गैलरी का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दो कमरों में रखी अलमारियों को खंगालते हुए एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी टॉप्स, चार जोड़ी बिछिया, तीन चांदी के सिक्के, 56 इंच की टीवी तथा लगभग 30 हजार रुपये नगदी सहित लाखों रुपये के आभूषण चुरा ले गए।

# सड़क सुरक्षा माह का समापन जागरूकता पर जोर




**स्वतंत्र भारत मऊ।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन शनिवार की शाम परिवहन और यातायात विभाग की ओर से नगर के गाजीपुर तिराहा पर कैंडल मार्च निकाल किया गया। इस दौरान मार्ग दुर्घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान एआरटीओ सुहैल अहमद, यातायात प्रभारी श्याम शंकर पांडेय, संजय यादव, महमूद अहमद, तारा सिंह चौहान, आनन्द कुमार सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, अमित कुमार, करूणा निधि राय, जन्मेजय यादव, अनूप कुमार, दुर्गविजय यादव, स्वामीनाथ यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### रविदास जयंती पर अहमदपुर से निकला भव्य जुलूस

**जाफराबाद जौनपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर अहमदपुर गांव से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। जुलूस पूरे गांव का भ्रमण करते हुए निर्धारित मार्गों से गुजरा। इस दौरान ÷गुरु रविदास अमर रहें÷ जैसे जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में रिंकू पंडित अहमदपुर, संस्कार सिंह, राघवेंद्र यादव, जवाहरलाल यादव के साथ ही आनंद यादव का नाम भी प्रमुख रूप से शामिल रहा। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों और श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्कार सिंह, रिंकू पंडित अहमदपुर, सतीश चंद्र गौतम, मास्टर राजकुमार यादव, मुन्ना, सुरेंद्र मौर्य, धर्मराज मौर्य, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद मंजूर, अहमद राजू यादव, आरटीओ विकास शुक्ला, जवाहरलाल यादव, पामू गौतम, सुभाष चंद्र गौतम, लालचंद गौतम, राहुल गौतम, आशु गौतम, बुधीराम, जय श्री राम, रवि, गोलू नगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने गुरु रविदास के जीवन, उनके समानता और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### मुंशीपुरा ओवरब्रिज के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मुंशीपुरा ओवरब्रिज से 100 मीटर दक्षिण रेल पटरी पर इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक मोहम्मद सलीम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार रात करीब 8ः30 बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रामपुर चकिया में सड़क किनारे मिले अचेत व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया में सड़क किनारे गिट्टी पर अचेत पड़े एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मनोज चौहान (45) निवासी बनौरा के रूप में हुई है। इमरजेंसी चिकित्सक के अनुसार व्यक्ति पहले से मृत अवस्था में लाया गया था, शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### फैजुल्लापुर में किसान गोष्ठी, जैव उर्वरकों की दी गई जानकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** विकासखंड कोपागंज के ग्राम फैजुल्लापुर में कृष को द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय अधिकारी विनोद कुमार यादव ने किसानों को कंपोस्ट व जिंक तरल जैव उर्वरक के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि संतुलित खाद से पैदावार बढ़ेगी और किसान समृद्ध होंगे। गोष्ठी में विभिन्न गांवों से आए किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर फैजुल्लापुर साधन सहकारी समिति को उपहार स्वरूप सामग्री भेंट की गई तथा समिति के सचिव सहित किसान व संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

### पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**स्वतंत्र भारत मऊ।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को ब्लॉक के करहा सहित चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेलों में चिकित्सकों ने 118 मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉ. रामबदन ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर चिकित्सकों को ठंड के मौसम में मरीजों को स्वच्छता व सतर्कता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान सर्दी-जुकाम, खांसी, ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज अधिक रहे। स्वास्थ्य मेले में डॉ. जावेद अहमद, डॉ. बलवंत सिंह, रितेश राय, सूबेदार सरोज सहित चिकित्सक, एएनएम, स्टाफ नर्स व अन्य कर्मचारी तैनात रहे।

### 02 फरवरी से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर व डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक करने हेतु 02 फरवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नेगेटिव बैलेंस रिचार्ज, एरियर व एडवांस बिल भुगतान, क्यूआर स्मार्ट ऐप डाउनलोड और मोबाइल नंबर अद्यतन की जानकारी दी जाएगी।अभियान की तैयारी के तहत अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल मऊ द्वारा लाइनमैन व अवर अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया गया। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान कर स्मार्ट सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता महेश चंद्र विश्वकर्मा, एसडीओ, अवर अभियंता व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मधुबन पुलिस ने दो स्थानों से अवैध शराब विक्रेता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो अवैध शराब बेचने वालों को गिरफ्तार कर कुल 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। बेलौली बाजार क्षेत्र में उपनिरीक्षक लाल बहादुर ने 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गौतम को गिरफ्तार किया, जबकि भारत पेट्रोल पंप के पास उपनिरीक्षक सुरेंद्र नाथ उपाध्याय ने 5 लीटर शराब के साथ आकाश साहनी को पकड़ा। विधिक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत** मऊ।01 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर परदहा अम्बेडकर पार्क के पास से मु0अ0स0 38/2026 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र राम पुत्र पसराम उर्फ परशूराम निवासी लीलीपुर भरसड़ थाना विरुनो जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# रविदास जयंती पर अहमदपुर से निकला भव्य जुलूस, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**जाफराबाद जौनपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर अहमदपुर गांव से भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। जुलूस पूरे गांव का भ्रमण करते हुए निर्धारित मार्गों से गुजरा। इस दौरान ÷गुरु रविदास अमर रहें÷ जैसे जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में रिंकू पंडित अहमदपुर, संस्कार सिंह, राघवेंद्र यादव, जवाहरलाल यादव के साथ ही आनंद यादव का नाम भी प्रमुख रूप से शामिल रहा। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों और श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्कार सिंह, रिंकू पंडित अहमदपुर, सतीश चंद्र गौतम, मास्टर राजकुमार यादव, मुन्ना, सुरेंद्र मौर्य, धर्मराज मौर्य, मोहम्मद इसराइल, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद मंजूर, अहमद राजू यादव, आरटीओ विकास शुक्ला, जवाहरलाल यादव, पामू गौतम, सुभाष चंद्र गौतम, लालचंद गौतम,



राहुल गौतम, आशु गौतम, बुधीराम, जय श्री राम, रवि, गोलू नगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने गुरु रविदास के जीवन, उनके समानता और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल गौराबादशाहपुर का पद ग्रहण समारोह संपन्न

**गौराबादशाहपुर जौनपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मंडल नगर पंचायत गौराबादशाहपुर जौनपुर का द्वितीय पद ग्रहण समारोह नगर के एक मैरिज लॉन में बहुत ही भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के खेलकूद एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय गिरीश चंद्र यादव ने नव चयनित सभी पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पद के साथ-साथ आप सभी की जिम्मेदारियां बढ़ गई है। उन्होंने भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा व्यापारी हितों के लिए किये जा रहे हैं कार्यों की प्रशंसा की तथा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में यह आश्वासन दिया कि कभी भी किसी व्यापारी का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर समूह गान तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह द्वारा सभी नव चयनित पदाधिकारी को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में गौराबादशाहपुर इकाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी जरूरत पर पूरा जिला संगठन व प्रदेश संगठन आपके साथ है। जिला पदाधिकारी राजदेव यादव ने भी नव चयनित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामना प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सोनकर द्वारा किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ संरक्षक मंडल व कार्य समिति सदस्यों द्वारा हमें पुनः अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है उस पर हमारी कार्यकारिणी खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगी। किसी भी व्यापारी का किसी भी प्रकार से कोई उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अजीत सोनकर व तालिब सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। धन्यवाद व आभार महामंत्री धर्मेंद्र जायसवाल द्वारा किया गया। अधिष्ठापन समारोह में जिला महामंत्री आशीष चौरसिया, जिला युवा अध्यक्ष धीरज गुप्ता, शशांक सिंह रानू, प्रदीप सिंह रिंकू, सहित जिले के सभी पदाधिकारी, श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर के अध्यक्ष मनीष देव मंगल, महासचिव मनीष गुप्ता, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, लायंस क्लब जौनपुर गोमती के अध्यक्ष राजेश मौर्य, गौरव श्रीवास्तव एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, नगर पंचायत के सभी सभासद, गौराबादशाहपुर इकाई के संरक्षक ओमप्रकाश जायसवाल इस्लाम अंसारी, नवीन साहू बबलू, गुड्डू सोनकर शीशवंस सागर साहूसिंह सुभाष सेठ, सहित कस्बे के अन्य व्यापारी व संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# गब्बर के अगुवाई में वेटरन क्रिकेट का चैम्पियन बनी जयनाथ टीम

**स्वतन्त्र भारत संवाददाता जमानिया।** ग़ाज़ीपुर जनपद के जमानिया नगर पालिका परिषद के लोदीपुर ईदगाह के बगल में और माँ कपूरा मंदिर के सौजन्य से जमानिया क्रिकेट लीग वेटरन खिलाड़ियों का एक दिवसीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नारायण दास चौरसिया ने फीता काटकर किया विशिष्ट अतिथि राज चौधरी सभासद चौधरी मोहल्ला जमानिया रहें। प्रतियोगिता में सीधे सेमीफाइनल मुकाबले हुए पहले सेमीफाइनल में चौधरी मोहल्ला की टीम नई बस्ती को हराकर फाइनल में गयी,दूसरे सेमीफाइनल में गब्बर उर्फ जय मिष्ठान भंडार की टीम ने पठान टोली मोहल्ले की टीम को हराकर शानदार ढंग से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गब्बर की टीम और जुगनू शम्भू के टीम के मध्य 10-10ओवर का हुआ। 10 ओवर में गब्बर की टीम ने 216 रन बनाए। जयनाथ टीम के तरफ़ से रूपक



ने शानदार 146 रन नॉट ऑउट रहें। जवाब उतरी चौधरी मोहल्ला के सलामी बल्लेबाज मुलायम यादव और वसीम ने की लेकिन जल्द ही दोनों बल्लेबाज आउट हो गए,और फिर जल्द ही विकेटों का गिरने का सिलसिला सुरु होगया एक छोर से गुलजार शानदार 45 रन नॉट रहे लेकिन पुरी टीम 146 रन बनाकर आउट हो गयी और गब्बर की टीम ने शानदार विजय दर्ज की,मैन ऑफ द मैच और सिरीज़ रूपक रहें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुर्व नपा अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता रहें, और कहें कि इस प्रकार की प्रतियोगिता हर माह होनी चाहिए चाहिए, जिससे जो वेटरन खिलाड़ी वह भी अपन अतित को याद करें। प्रतियोगिता का संचालन व आयोजन दिलीप कुमार और संदीप गुप्ता ने किया । अम्पायर के भूमिका में आज़ाद शाह और किशन चौधरी रहें।

## केन्द्रीय बजट पर पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय की प्रतिक्रिया

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** शीर्षक आंकड़ों में चमकता भारत, पर गाजीपुर के धरातल पर शिक्षा का अंधेरा केन्द्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा के लिए ?1.39 लाख करोड़ का आवंटन, गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा और डिजिटल लैब्स जैसे छात्रहितैषी कदम सराहनीय हैं। परंतु, बड़ा सवाल यह है कि क्या ये घोषणाएं कागजों से निकलकर धरातल पर उतर पाएंगी? अक्सर सरकारी फाइलें तो चमकती हैं, लेकिन आम छात्र का जीवन वहीं खड़ा रह जाता है। इसका सबसे ज्वलंत प्रमाण गाजीपुर है। केंद्र सरकार की %सामाजिक प्रगति सूचकांक रिपोर्ट% में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गाजीपुर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। विडंबना देखिए, सर्वाधिक 350+ महाविद्यालयों वाला यह जनपद आज भी विश्वविद्यालय विहीन है। जब तक गाजीपुर में स्वतंत्र विश्वविद्यालय जैसा बुनियादी ढांचा तैयार नहीं होगा, तब तक बजट के ये भारी-भरकम आंकड़े युवाओं के लिए केवल एक %चुनावी जुमला% बनकर रह जाएंगे। विकास केवल बिल्डिंग बनाने से नहीं, बल्कि गाजीपुर की मेधा को स्थानीय स्तर पर क्वालिटी एजुकेशन%और %रिसर्च% का मंच देने से होगा।

# ग्राम सभा उसिया प्रधान को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**स्वतंत्र भारत जमानिया।** गाजीपुर। दिलदारनगर क्षेत्र के उसिया गांव के ग्राम प्रधान शम्स तबरेज खान को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह में मॉडल यूथ ग्राम सभा के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के पंचायती राज मंत्री एस.पी. सिंह बघेल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में देशभर से चयनित आदर्श पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिसमें गाजीपुर जनपद से मात्र दो ग्राम प्रधानों का चयन हुआ। सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधान शम्स तबरेज खान जब ब्रह्मपुत्र मेल से दिल्ली से दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो वहां शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान ग्राम प्रधान ने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे गांव और ग्रामीणों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि मॉडल यूथ ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को पंचायत व्यवस्था से जोड़ना, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना तथा गांवों को स्वच्छता, शिक्षा, रोजगार, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला सहभागिता और पारदर्शी प्रशासन का आदर्श मॉडल बनाना है। जिले से एक साथ दो ग्राम प्रधानों का राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर इमरान खान, मेहराब खान, इम्तियाज़ खान, सच्चिदानंद, रजनीश प्रजापति, सरताज खान, मुरली गुप्ता, सिराज खान, फैसल खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर क्षेत्र में गूंजा समरसता का संदेश



**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में संत शिरोमणि भक्त रविदास की जयंती रविवार को श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के साथ धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ों गांवों व मोहल्लों में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें गाजे-बाजे, रथ और झांकियों के माध्यम से संत रविदास के विचारों का प्रसार किया गया।धर्मसीपुर, खुरहट, पलिया, रानीपुर, चिरैयाकोट सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित संत रविदास मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं ने संत रविदास के समानता, प्रेम और भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पूर्व बसपा प्रत्याशी डॉ. धर्म सिंह गौतम ने समर्थकों संग कार्यक्रमों में भाग लेते हुए संत रविदास, भगवान बुद्ध और डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। उन्होंने समाज को शिक्षा, समानता और मानवता का मार्ग दिखाने वाले महापुरुषों के योगदान को याद किया। पूरे तहसील क्षेत्र में जयंती शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई।

## पुलिसकर्मियों को धमकी के मामले मे माफिया रमेश सिंह काका को चार महीने की सजा

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** सीजेएम डॉ. केपी सिंह ने पुलिस को धमकी देने के मामले में रमेश सिंह उर्फ काका को शनिवार को चार महीने की सजा सुनाई है। तीन हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार थानाध्यक्ष भगत सिंह की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई। वादी का कथन था कि कुशमौर चौकी के पास 22 दिसंबर 2018 को रमेश सिंह अपने दो-तीन साथियों के साथ आकर अपना वाहन रोककर पुलिस वालों को गाली देने लगे।पूछने पर कहा कि जेल से छूटकर आ गया हूं , पुलिस वालों को गोली मार दूंगा। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र सीजेएम न्यायालय में पेश किया।कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने 5 गवाहों को पेश कर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से कहा गया कि उसे झूंठा फंसाया गया है। सीजेएम ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद रमेश सिंह को दोषी पाया।

# केन्द्रीय बजट में गाजीपुर एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का सुनहरा अवसर : प्रोफेसर राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** केन्द्रीय बजट 2026ङ्क27 भारत को ÷विकसित भारत÷ की दिशा में ले जाने वाला एक संतुलित और दूरदर्शी बजट है। यह बजट राष्ट्रीय विकास के साथ-साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, गाजीपुर, बलिया क्षेत्र के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। उक्त वक्तव्य प्रोफेसर (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय प्राचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा।

उन्होंने ने कहा कि इस बजट में पूंजीगत व्यय को ?12.2 लाख करोड़ तक बढ़ाया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। बुनियादी ढाँचे में यह निवेश सड़क, रेल, जलमार्ग और शहरी विकास के माध्यम से स्थानीय रोजगार, व्यापार और उद्योग को मजबूती देगा। साथ ही राजकोषीय घाटे को तष्ठक्क के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने और ऋण-तष्ठक्क अनुपात 55.6 प्रतिशत अनुमानित करने से आर्थिक अनुशासन भी सुनिश्चित किया गया है। परिवहन क्षेत्र में बजट की एक ऐतिहासिक घोषणा 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोरों की है। इनमें दिल्लीङ्कवाराणसी एवं वाराणसी - सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसका प्रत्यक्ष लाभ गाजीपुर, वाराणसी , बलिया जैसे पड़ोसी जिलों को भी मिलेगा, जिससे छात्रों, कर्मचारियों और व्यापारियों के लिए आवागमन सुगम होगा तथा समय और लागत की बचत होगी। इसी प्रकार, अंतर्देशीय जलमार्गों को बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। अगले पाँच वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों को चालू करने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत वाराणसी में अंतर्देशीय जलमार्गों हेतु शिप-रिपेयर और मेंटेनेंस इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा। गंगा नदी के तट पर स्थित गाजीपुर जनपद को इससे सस्ते परिवहन, कृषि-उत्पादों की बेहतर ढुलाई और स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रत्येक जनपद में महिलाओं के लिए हास्टल निर्माण से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा तथा गम्भीर बिमारियों के दवाओं के दाम में कमी से आमलोगों को राहत मिलेगा। प्रोफेसर पाण्डेय कह कि बजट में उद्योग और रोजगार सृजन के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना (श्वष्टरूस्) का आउटले बढ़ाकर ?40,000 करोड़ किया गया है, जिससे भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही बायोफार्मा शक्ति योजना के लिए ?10,000 करोड़ और एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए ?10,000 करोड़ का प्रावधान गाजीपुर जैसे जिलों में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को नई गति देगा। समग्र रूप से यह बजट स्पष्ट करता है कि वाराणसी, गाजीपुर एवं बलिया जैसा क्षेत्र विकसित भारत की यात्रा में केवल सहभागी ही नहीं, बल्कि विकास के सक्रिय केंद्र बनेंगे। यह बजट संतुलित, समावेशी और दीर्घकालिक विकास का सशक्त दस्तावेज है।

# पेश बजट को भाजपा ने जहां देश की तरक्की बजट बताया, वहीं कांग्रेस ने निराशावादी बजट कहा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** संसद में पेश केन्द्रीय बजट को जहां भारतीय जनता पार्टी ने देश की तरक्की वाला बजट बताया वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने इसे एक निराशावादी बजट कहा है। वहीं समाजवादी पार्टी ने झुनझुना बजट बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद लल्लू सिंह, नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, नगर निगम अयोध्या के प्रथम मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने इस बजट को देश की तरक्की वाला बजट बताते हुए कहा कि इससे देश विकसित और आधुनिक भारत के निर्माण के लिये अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश के विकास के लिये महत्वपूर्ण है तथा इससे युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। युवाओं और किसानों के लिये महत्वपूर्ण घोषणायें की गयी हैं। भारतीय जनता पार्टी के सभी नेताओं ने कहा कि बजट में महिला सशक्तीकरण एवं ग्रामीण विकास के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लायेंगे। पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह विकास का बजट है। **वहीं दूसरी तरफ** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने कहा कि यह बजट निराशाजनक है। इस बजट से जनता को फायदा नहीं है। बल्कि नुकसान साबित होगा। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी अयोध्या के जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों और नौजवानों के लिये यह बजट लाभदायक नहीं है। इससे अर्थव्यवस्था कमजोर होगी। यह बजट लॉलीपाप वाला भी नहीं है जिससे आम जनता को नुकसान ही होगा। वहीं दूसरी तरफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अयोध्या राजेन्द्र प्रताप सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों, नौजवानों तथा बेरोजगारों के लिए निराशाजनक बजट केन्द्र सरकार ने पेश किया है। इस बजट से कुछ ही

## सपा ने इस बजट को झुनझुना बजट बताया

लोगों को लाभ मिलेगा, बाकी जनता को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट जनता के लिये झुनझुना है। इससे कोई लाभ होने वाला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में लाभ बजट कभी हुआ ही नहीं तो आज कैसे हो जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान परेशान है। युवक बेरोजगारी से निराश हैं। यह सभी लोग जानते हैं, उसके बावजूद भी किसानों, युवा बेरोजगारों के लिये केन्द्र सरकार ने इस बजट में कोई प्राविधान नहीं किया बल्कि झुनझुना थमा दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में महंगाई से आम जनता त्रस्त है। यह सभी जानते हैं कि इनके शासन काल में कोई ऐसा बजट केन्द्र से नहीं आयेगा जो सीधे जनता को लाभ पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि जो आज केन्द्र में बजट पास हुआ है वह झुनझुना देने वाला बजट है। इस बजट से न बेरोजगारी दूर होगी और न किसान को कोई फायदा होगा। यह बजट निराशाजनक है।

## बजट का मिलाजुला असर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज देश का बजट पेश किया गया। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह बजट सभी को सशक्त बनाएगा। देश की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से यह बजट बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस बजट में भारत की वैश्विक स्थिति और मजबूत होगी। बजट से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सबसे महत्वपूर्ण तो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए जिन दवाइयों को सस्ता किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला है। यह बजट विकसित भारत की नींव रखने के लिए उपयोगी साबित होगा। **अरविन्द कुमार सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अयोध्या** ने कहा कि राज्य कर्मचारी को बजट 2025-26 में हाथ लगी निराशा, पुरानी पेंशन हेतु बजट में कोई व्यस्था नहीं, न ही टैक्स में कोई छूट, और ना ही आउट सोर्सिंग संविदा कर्मचारियों हेतु कोई व्यवस्था। कर्मचारियों हेतु बजट निराशा जनक रहा है। **जिला मंत्री, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ** ने कहा कि आठवे वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करने की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम हो सकता है। यह बजट किसान, युवा, रोजगार, डॉलर की तुलना में रुपए की गिरती साख को लेकर उत्साहित करने वाला नहीं दिखता। **अवधेश यादव जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ** अयोध्या ने कहा कि महंगाई बेतहाशा बढ़ने पर भी इस बजट में जनता और नौकरी पेशा लोगों को स्लैब टैक्स में छूट न देना, शिक्षकों की पुरानी पेंशन पर ध्यान न ध्यान देना बहुत ही निराशाजनक है।

## बजट पर आम जनता को स्थिरता, करदाताओं को भरोसा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** केंद्रीय बजट 2026-27 का असर आम जनता पर तात्कालिक राहत से अधिक स्थिरता और भरोसे के रूप में दिखाई देता है। सरकार ने बड़े लोकलुभावन वादों से बचते हुए कर-प्रशासन को सरल, पारदर्शी और मानवीय बनाने पर ज़ोर दिया है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ आम नागरिक को मिलेगा। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अब छोटी-मोटी गलती और जानबूझकर की गई कर-चोरी को एक जैसा नहीं माना जाएगा। केंद्रीय बजट को लेकर मेरी प्रतिक्रिया मिली-जुली है। कुछ घरेलू सामान और बीमारियों की दवाइयाँ सस्ती होने से घर के खर्च में थोड़ी राहत महसूस हो रही है। स्वास्थ्य से जुड़ी चीज़ों पर सरकार का ध्यान अच्छा कदम लगता है। महिलाओं के लिए योजनाओं और स्वरोज़गार की बात भी सकारात्मक लगती है। लेकिन रसोई गैस, पेट्रोल-डीज़ल और रोज़मर्रा की महँगाई पर कोई खास राहत नहीं दिखी। सब्ज़ी-दाल और राशन के बढ़ते दाम अभी भी चिंता में डालते हैं। इसलिए बजट से थोड़ा फायदा तो नज़र आता है, पर महँगाई पूरी तरह काबू में आती हुई नहीं लग रही। **गृहिणी नीता मित्तल** ने कहा कि बजट से महिलाओं में खुशी की लहर है। सोने एवं चांदी, दवा की कीमतों मै कमी , खाद्य सामग्री की कीमतों मै गिरावट से आम महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।इस बजट से दैनिक उपयोग की वस्तु भी काफी सस्ती हुई है। जो कि वित्तमंत्री का सराहनीय कदम है। वित्तमंत्री को रसोई के सामान का बफर स्टॉक बनाना चाहिए जिससे महंगाई नियंत्रण मै रहे। **गृहणी रश्मि केसरवानी** ने कहा कि बजट से महिलाओ में खुशी की लहर हैं। कुछ दवाइयों, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामान, घरेलू उपकरण और ग्रीन एनर्जी से जुड़े उत्पाद सस्ते होने से घरेलू खर्च में राहत मिलेंगी। परन्तु रोजमर्रा की जरुरी चीजें खाने पीने की वस्तुएं आदि में अभी राहत नहीं मिली हैं। **सीए डॉ. मनीष अग्रवाल** ने कहा कि आयकर की दरों और स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, इसलिए वेतनभोगी वर्ग को तुरंत बड़ी कर-राहत नहीं मिलेगी। फिर भी नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 जोकि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी है, कानून की भाषा को सरल बनाता है, धाराओं की संख्या घटाता है और नए फॉर्म्स के जरिए अनुपालन आसान करता है। इससे करदाता की भागदौड़, डर और अनावश्यक विवाद कम होंगे। बजट का सबसे अहम कदम पेनल्टी और अभियोजन को सीमित करना है। **अनुज सिंघल, अधिवक्ता (आयकर)** ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में आयकर कानून के तहत करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए अनुपालन को सरल और व्यावहारिक बनाने वाले कई महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। विदेशी परिसंपत्तियों के खुलासे के लिए 6 माह की विशेष योजना तथा पेनल्टी व असेसमेंट प्रक्रिया के युक्तिकरण से ईमानदार करदाताओं को अनावश्यक दंड से राहत मिलेगी। कुल मिलाकर, ये संशोधन कर व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, करदाता-अनुकूल और विश्वास आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## समाजवादी जनता पार्टी ने बताया निराशाजनक बजट



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर ने वर्तमान मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे ग़रीब किसान मज़दूर और नौ जवान विरोधी एवं देश के लिए निराशाजनक बजट बताया है पार्टी के उत्तर प्रदेश ईकाई के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा है कि इस बजट में गरीबों किसानों तथा बेरोजगारों की आर्थिक स्थिति सुधारते के लिए कोई राहत नहीं दी गई है महँगाई को देखते हुए मध्यम वर्ग को आयकर में छूट की राहत नहीं दी गई है महँगाई को देखते हुए आम जनता को कोई राहत नहीं मिली है क्यों की महँगाई के कारण उस की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है और क्रय शक्ति घटते जा रही है दैनिक उपभोक्ता वस्तुएँ रेल किराया पेट्रोल डीज़ल के दाम सब्ज़ी भाजी अनाज के दामों में लगातार वृद्धि से आम आदमी आर्थिक संकट में घिरा हुआ है। वर्तमान बजट में इसे क़ाबू में करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी और महँगाई को कम करने की इच्छाशक्ति इस बजट में दिखलाई नहीं पड़ती। किसानों की आय बढ़ाने की और लाभकारी मूल्य दिलाने की व्यवस्था भी इस बजट में नहीं की गई है। इसके विपरीत कॉरपोरेट और उद्योग जगत को लाभ पहुँचाने का प्रयास किया गया है। इस प्रकार यह बजट दिशाहीन भ्रामक निराशाजनक है।

## सपा संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर लड़ाई की बनायेगी मजबूती



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सपा कार्यालय में संत शिरोमणि रविदास एवं महान संत नरहरी दास सोनार की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों महान संतों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामाजिक समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के संघर्ष को और तेज़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि संत रविदास और संत नरहरी दास सोनार ने शोषण, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाई। आज जब समाज को बांटने की साजिशें हो रही हैं, तब समाजवादी पार्टी संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह ताकत है जो दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों की आवाज़ को सड़क से लेकर सदन तक उठाती रही है। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि महान संतों की जयंती केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके विचारों को राजनीति और शासन की दिशा में लागू करने का संकल्प है। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में निवर्तमान महानगर महासचिव हामिद जाफर मिशम, जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पवन यादव, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विद्या भूषण पासी, महानगर उपाध्यक्ष चंद यादव, जिला सचिव सीताराम यादव, जगन्नाथ यादव, युवा नेता जितेंद्र यादव, शिवांशु तिवारी, अंसार अहमद, वीरेंद्र गौतम, गोपाल यादव, इश्तियाक अहमद, युवा नेता राम सिंगर यादव, अमरेश यादव, अरुण यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए समाजवादी पार्टी के संघर्ष को और धार देने की बात कही।

## राममंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को किया नमन



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** श्रीरामजन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास महाराज को उनके रामघाट स्थित आश्रम पर रविवार को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अवसर उनके पुण्यतिथि महोत्सव का था। पुण्यतिथि पर आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभा में अयोध्या के संत-महंतों एवं विशिष्टजनों ने साकेतवासी पुजारी सत्येंद्र दास के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। संतों ने उनके द्वारा श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के प्रति किए गए योगदान को सराहा। साथ ही साथ उनके कृतित्व-व्यक्तित्व का भी बखान किया। इस मौके पर संतों और भक्तजनों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। साकेतवासी पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास महाराज के उत्तराधिकारी महंत प्रदीप दास ने पधारे हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट, विदाई दिया। महंत प्रदीप दास ने कहा कि गुरुदेव आचार्य सत्येंद्र दास महाराज श्रीराममंदिर के मुख्य पुजारी रहे। श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन में उनका अतुलनीय योगदान रहा। राममंदिर के प्रति उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने श्रीरामजन्मभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका सपना था, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण। जो भव्य, दिव्य, नव्य राममंदिर निर्माण संग पूर्ण हुआ। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के साथ गुरुदेव का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। वह आज हमारे बीच नही हैं। लेकिन उनकी यश-कीर्ति सदैव हम सबके साथ रहेगी। गुरुदेव के पुण्यतिथि पर रामनगरी के सभी संत-महंत शामिल हुए। जिन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें निष्ठापूर्वक याद किया। पुण्यतिथि पर श्रीमहंत धर्मदास, महंत गौरीशंकर दास हनुमानगढ़ी, तपस्वी छावनी के जगद्गुरु स्वामी परमहंसाचार्य, महंत रामकरन दास, स्वामी छविराम दास, महंत सीताराम दास, महंत आचार्य भूषण दास, महंत शैलेश दास, भाजपा विधायक के पुत्र अमल गुप्ता, प्रहलाद शरण, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, बालकृष्ण वैश्य, आचार्य कमलेश दास शास्त्री, नीरज शास्त्री, संत दास, पवन पांडेय आदि समेत मंदिर से जुड़े शिष्य-अनुयायी, परिकर मौजूद रहे।

## सेवा संस्थान ने किया कम्बल वितरण अभियान का समापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** शीतलहर से राहत देने के उद्देश्य से अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया कंबल वितरण अभियान 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभियान के समापन अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आरपी सिंह (एआरटीओ प्रशासन, अयोध्या) ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, रामकुमार, ललित तिवारी, बबीता यादव, डॉ. नीति श्रीवास्तव एवं निखिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कंबल वितरण अभियान में सहयोग करने वाले समाजसेवियों और दानदाताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा बताया गया कि सर्दी के पूरे मौसम में अयोध्या राम जन्मभूमि क्षेत्र सहित बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, मंदिरों, मस्जिदों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से परेशान जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल उपलब्ध कराए गए। चाय वितरण और खिचड़ी जैसे राहत कार्य भी निरंतर जारी रहे, ताकि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति बेसहारा न रहे।

## मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवन रेखा से जुड़ा है, केन्द्र सरकार लगातार बजट में कर रही है कटौती : डा. निर्मल खत्री




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम दिगंबरपुर, ब्लॉक सोहावल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पासी ने तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम आयोजनकर्ता अनूप वर्मा रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कहा कि मनरेगा आज ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र सरकार लगातार इसके बजट और काम के दिनों में कटौती कर इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को खत्म नहीं होने देगी और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा से मजदूरों का हक छीन रही है। समय पर मजदूरी नहीं मिल रही, काम बंद किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक करेगी और मनरेगा बचाने की लड़ाई तेज करेगी। सेवानिवृत्त बीडीओ अबू बकर ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर भी मनरेगा को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। अगर सरकार ईमानदारी से लागू करे तो मनरेगा से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि मनरेगा पर हमला गरीब विरोधी सोच का परिणाम है। कांग्रेस पार्टी ने इस योजना को बनाया था और आज उसे बचाने की जिम्मेदारी भी कांग्रेस ही निभा रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का माध्यम है। इसे कमजोर करना सीधे-सीधे गांव, किसान और मजदूर पर हमला है। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि मजदूर काम और मजदूरी दोनों के लिए परेशान हैं। कांग्रेस इस सच्चाई को जनता के बीच लाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य महेश वर्मा, पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, महामंत्री रुद्रप्रताप सिंह रिशु, अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष रामसागर रावत, महामंत्री लाल मोहम्मद, सैयद हसन, राम केवल निषाद, इंद्रजीत वर्मा, मिस्बाह उल हक, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, जिला महासचिव बृजेश रावत, भीम शुक्ला, आजाद रावत, गुरुप्रसाद कोरी, दीपकृष्ण वर्मा, शान मोहम्मद, जगप्रसाद, जगन प्रजापति, हसन यूसुफ, रंजीत सिंह, सालिक राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## वृद्ध महिला का मिला शव

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** खंडासा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा ढोली असकरन गांव में शनिवार को एक महिला का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना गांव के कप्तान तारा तालाब के पास स्थित एक पेड़ के पास की बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह शौच के लिए निकले लोगों ने पेड़ से महिला का शव लटका देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। अपराह्न करीब तीन बजे पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की पहचान बरियारपुर गांव निवासी मंगला पत्नी धर्मराज के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। घटना को लेकर सभी पहलुओं की छानबीन की जा रही है। बताया गया है कि मृतका के दो बेटे हैं, जो गुजरात में रहकर मेहनत-मजदूरी करते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली नगर के नवाब बाजार में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएम आईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने पार्टी कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष ने एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में जिले में अपने सियासी इरादे को साफ़ कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने नुक्कड़ सभा के मंच से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी पर तीखे राजनीतिक आरोप लगाए। अपने संबोधन में शौकत अली ने कहा कि आज अगर देश में बीजेपी की हुकूमत है तो यह बीजेपी की कामयाबी नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी की नाकामी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के बाद से सेकुलरिज़्म की जिम्मेदारी मुसलमानों ने अपने कंधों पर उठाई है। 1947 से लेकर आज तक सेकुलरिज़्म की गठरी मुसलमान ढोता आ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेकुलर वही है जो बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान पर चले। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज संविधान और समानता की बात होती है या फिर पूरी तरह से भेदभाव हावी है। कार्यक्रम का आयोजन रुदौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व एआईएमआईएम के प्रत्याशी नेता शेर अफ़ग़न के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में संगठनात्मक विस्तार के तहत रुदौली नगर के मशहूर शायर काविश रूदौलवी को एआईएम आईएम का रूदौली नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभा में पार्टी जिला अध्यक्ष शोएब वारसी, विधान सभा अध्यक्ष शेख़ महताब आलम, महानगर अध्यक्ष शाकिर अंसारी, महानगर महासचिव आरिफ़ ख़ान सहित इसके अलावा फिराक अहमद, कुतबुद्दीन, शाद अख्तर, इलियास ख़ान (कैफे अड्डा), अखिलेश कुमार, महताब आलम उर्फ अट्टू सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र बनकट पर एनएमए हिमांशु सिंह अनुपस्थित पाए गए



**आजमगढ़ ।** मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा द्वारा विकासखंड बिलरियागंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जमींफरेंदा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। चिकित्सकीय एवं सहायक स्टाफ की उपस्थिति निर्धारित मानकों के अनुरूप रही तथा दवाओं के भंडारण एवं रख-रखाव की स्थिति भी सुचारु पाई गई। मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला के अंतर्गत जनपद में कुल 77 मेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 82 चिकित्सक एवं 265 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इन मेलों के माध्यम से कुल 2605 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 1180 पुरुष, 1136 महिलाएं एवं 289 बच्चे शामिल रहे। मरीजों को पंजीकरण, जांच, उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला के दौरान 278 मधुमेह, 262 गैस्ट्रो, 242 श्वसन रोग, 246 त्वचा रोग, 120 उच्च रक्तचाप, 52 यकृत रोग, 37 एनीमिया, 9 क्षय रोग के मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। इसके साथ ही 117 कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। कोविड-19 हेल्प डेस्क पर 231 मरीजों की जांच की गई तथा गंभीर अवस्था वाले 7 मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए संदर्भित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकट, विकासखंड बिलरियागंज में तैनात एनएमए हिमांशु सिंह अनुपस्थित पाए गए, जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न होने की सख्त चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला शासन की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आमजन को उनके निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। जनपद में आयोजित मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजन की सेवा करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

# बजट 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करेगा : अशोक सिंह



**आजमगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट भाषण को एल ए डी टीवी के माध्यम से सुना गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, मुख्य अतिथि आजमगढ़ जिला प्रभारी अशोक सिंह, लालगंज प्रभारी मुराहू राजभर मौजूद रहे। बजट भाषण को सुनने के बाद मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट 2026 देश के सामने रखा गया। यह बजट 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बजट है। यह बजट देश के विकास के लिए देश की जनता के लिए बहुत ही सुंदर बजट है यह बजट रक्षा के क्षेत्र में औद्योगीकरण के क्षेत्र में और सड़क से लेकर समुद्र तक विकास के लिए बहुत ही बड़ा बजट है। इस बजट का हम स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,वित्त मंत्री निर्मला सीतारमणऔर प्रदेश अध्यक्ष व केंद्र सरकार में वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी जी को धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि यह बजट जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट इसमें बहुत सी चीजों के दाम भी घटे हैं जिसमें मुख्य रूप से कैंसर की 17 दावों के दाम कम हुए हैं और भी सात गंभीर बीमारियों की दावों के दाम को काम किया गया है वस्त्र और जूते के दाम भी कम हुए हैं मोबाइल फोन के भी दाम कम हुए है। हम इस बजट का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा गुड्डू, श्रीकृष्ण पाल, घनश्याम पटेल, कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सतेन्द्र राय, आजाद अनिमर्दन,लक्ष्मण मौर्या, निखिल राय, पवन सिंह मुन्ना पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### केंद्रीय बजट देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है : अजय मणि

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** बजट पर डॉ अजय मणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य /क्षेत्रीय संयोजक, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ, भारतीय जनता पार्टी, गोरखपुर क्षेत्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केंद्रीय बजट देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है। इस बजट में सरकार ने विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने का प्रयास किया है, जो सराहनीय है। साथ ही आम जनता, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग को इससे वास्तविक राहत मिलेगी, आशा है कि यह बजट समावेशी विकास को बढ़ावा देगा और देश को आत्मनिर्भरता की ओर और मजबूत कदम बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

### बजट में शिक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है : शिव गोविंद सिंह

**आजमगढ़ ।** शिव गोविंद सिंह डिवीजनल प्रेसिडेंट सीबीएसई एसोसिएशन भारत आजमगढ़ बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। बजट में स्कूली और उच्च शिक्षा को डिजिटल, कौशल-आधारित और रोजगारोन्मुख बनाने पर जोर दिया गया है। सरकारी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, स्मार्ट कक्षाओं और डिजिटल शिक्षा के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया है। उच्च शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के साथ-साथ कौशल विकास कार्यक्रमों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार का मानना है कि इन कदमों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### संत शिरोमणि रविदास जी महराज के चित्र को पुष्पाजंलि अर्पित कर, उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई



**आजमगढ़ ।** संत शिरोमणि रविदास जी महराज की जयंती के मौके पर प्रयास सामाजिक संगठन के प्रसार कार्यालय नीबी पर विविध आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जी महराज के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महराज एक महान संत और समाज सुधारक थे । उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और सभी को एकजुट होकर समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया । पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्यों ने संत शिरोमणि रविदास जी महराज के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य आदमी ने किया। इस अवसर पर इंजीनियर सुनील यादव सचिव प्रयास, रणजीत सिंह, अंगद साहनी, संजीव राय, जगत साही, शंभू दयाल सोनकर, ओम नारायण श्रीवास्तव, सी एल यादव, धर्मेंद्र सैनी, श्रीकांत यादव, आदित्य आज़मी, शिव प्रसाद पाठक, नीलम सिंह, हरिश्चंद, डॉ बीरेंद्र पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोंड समाज को जन जाति का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है



**आजमगढ़ ।** गोंड जन जाति संघर्ष समिति के तत्वाधान में गोंड युवा छात्र संघ की एक अति आवश्यक बैठक कुंवर सिंह उद्यान में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा गोंड जाति की अपेक्षा पर रोज व्यक्त किया गया । युवा छात्र संघ के अध्यक्ष भीम प्रसाद गोंड ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने एवं आश्वासन के बावजूद गोंड समाज को जन जाति का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है । जिससे छात्रों में बहुत निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। जो कभी भी व्यापक आंदोलन का कारण बन सकता है। संघर्ष समिति के सहसंयोजक एडवोकेट विजय कुमार गोंड ने कहा कि जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण के लिए दिनांक 11 फरवरी 2026 को एक विशाल प्रदर्शन जिला मुख्यालय पर किया जाएगा बैठक की सर्वश्री नन्दलाल गोंड युवा छात्र संघ जिला प्रभारी दीपक कुमार गोंड ओमप्रकाश गोंड अरविंद गौड़ कृष्ण मोहन गोंड अनिल गोंड अविनाश गोंड कुलदीप गोंड सोनू गोंड देवेश गोंड कुमारी जया गोंड आदि ने भी संबोधित किया।

# एनपीएस विद्यालय में बारहवीं के छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन





**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के नेशनल पब्लिक स्कूल सोदा के प्रांगण में इस वर्ष अध्यनरत 12वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई के समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपनिदेशक सौरभ शंकर मिश्र एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा बारहवीं के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। 11वीं के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें अमन, सुयश विवेक दिव्यांश सूरज दीपक माही अभिनव अस्मिता कनक एवं वैष्णवी ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्रुप डांस मैशअप सॉन्ग पर प्रस्तुत किया गया जिसमें सिद्धि अदिति अनुष्का मेघा सुरभि एवं अनु ने प्रतिभाग किया एवं छात्र-छात्राओं के बीच हर्ष और उल्लास बना रहा। विद्यालय के छात्र अभय मिश्रा एवं आराध्या प्रजापति ने अभी न जाओ छोड़ कर की धुन पर मनमोहक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-भर कर दिया। इसके बाद प्रस्तुतियों के क्रम में सोनल अवनी आराध्या आलिया जूली तूलिका अन्य वन्य अन्य गरिमा श्वेता मौर्या सपना गुप्ता आदि छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। मिस्टर फेयरवेल का खिताब अमन तिवारी को तथा मिस फेयरवेल शिवांगी मिश्र को दिया गया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह ने कहा हर अच्छी चीज का एक अंत होता है, और आज विदाई का समय है। लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि विदाई अंत नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरुआत है। मैं आप सभी के सुनहरे भविष्य की कामना करती हूँ। आप जहाँ भी जाएँ, सफलता की नई ऊँचाइयों को छुएं।इसी क्रम में विद्यालय के उपनिदेशक सौरभ शंकर मिश्रा ने कहा कि हर विदाई एक सूर्यास्त की तरह होती है जो हमेशा सूर्योदय का इंतज़ार करता है। जीवन सबसे खूबसूरत कहानियाँ कहता है और हर सफ़र एक नई कहानी सुनाता है।उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।अंत में छात्र छात्राओं को उपहार देकर उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका प्रिया मिश्रा तथा विद्यालय के छात्र विधुभूषण मिश्रा एवं श्रेया सिंह ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बजट में मोदी सरकार ने रखा सभी वर्ग का खयाल

**बजट से भाजपाई खुश, मिठाई खिला जाहिर की खुशी**



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** केन्द्र सरकार द्वारा सभी वर्गों के हित मे बजट पेश करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि एनडीए सरकार को है आम आदमी का खयाल है।बजट 2026-27 केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर भारतीय के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। सरकार ने रोजमर्रा की जरूरतों को सस्ता कर आम आदमी की जेब को बड़ी राहत दी है।एक कर्तव्यनिष्ठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर्तव्य भवन से बना और कर्तव्य पथ पर चलने के संकल्प को साकार करता बजट 2026 में देश के भविष्य के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो दुर्गेश पाण्डेय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने वाला यह बजट वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को रेखांकित करता है। यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करता हूं तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद देता हूं। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, पुनीत सिंह, अजय दूबे वत्स, रजनीश तिवारी, नवीन तिवारी, रत्नेश्वर गर्ग आदि रहें।

# पाखंडवाद के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले संत थे रविदास - चंद्रभूषण सिंह यादव

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पाखंडवाद एवं जाति व्यवस्था के विरुद्ध चौदहवीं शताब्दी में आवाज बुलंद करने वाले संत रविदास सामाजिक समता के प्रबल हिमायती थे,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित रविदास जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि दलित- अछूत समाज में जन्मे संत रविदास ने मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी जिन अवधारणाओं को प्रतिपादित किया उन्हें यदि वर्तमान भारतीय संदर्भ में लागू कर दिया जाए तो राष्ट का बहुत बड़ा कल्याण हो जाएगा। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि संत रविदास मुफ्तखोरी और पाखंडवाद के विरुद्ध खड़े ऐसे संत थे जिन्होंने गैर बराबरी और जातिगत श्रेष्ठता के विरुद्ध अलख जगाया।उन्होंने धर्म और ईश्वर को शोषण का स्वरूप बनाए जाने के इतर सन्मार्ग और कर्तव्य परायणता का द्योतक सिद्ध किया। महान ज्ञानी संत रविदास को जयंती पर कोटिश- नमन है। उक्त अवसर पर उपस्थित सुरेश नारायण सिंह,व्यास यादव, संतोष यादव,नाजिर अंसारी, लोरिक यादव, नगीना यादव,लोरिक गोंड, सुशील यादव, गेना यादव, नारायण प्रसाद, शंकर गोंड, विनोद यादव, बेलभद्र गोंड आदि ने महान संत रविदास को उनकी जयंती पर नमन किया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**अयो0अम्बे0वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या**

पत्रांक 620/2 काम अयो० अम्बे० वृत्त/26 दिनांक 27.01.2026

**ई–निविदा सूचना** द्वितीय आमंत्रण

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयो०अम्बे०वृत्त, लो०नि०वि०, अयोध्या द्वारा निम्न कार्य हेतु आनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी पोर्टल के माध्यम से सेतु कार्य में लो०नि०वि० के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर **दिनांक 02.02.2026 से 09.02.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा **दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे** आनलाईन खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में (जी0एस0टी0 छोड़ते हुये) | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | पात्र ठेकेदार की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विधानसभा क्षेत्र– अयोध्या | | | | | | | | | | |
| 1 | अयोध्या | जनपद अयोध्या विकास खण्ड पूरा बाजार में आशा भगवान बख्श महाविद्यालय से मछली मण्डी सम्पर्क मार्ग से भगवाभीट स्केप पुल से मुडाडीहा प्राइमरी पाठशाला होते हुये ग्रामसभा मुडाडीहा के मजरा पिपरी मार्ग पर 1 गुने 6.00 मी0 स्पान की आर0सी0सी पुलिया का निर्माण कार्य। | 44.00 | 4.20 | 2714.00 | 06 माह | A, B and C | अधिशासी अभियन्ता, प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0अम्बे0 वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी दरें जी०एस०टी० को छोड़ते हुये लगायी गयी है।
बिड डाक्यूमेन्ट की धनराशि (निविदा शुल्क) कालम 6 के अनुसार केवल नेट बैंकिग के माध्यम से ऑन लाईन यू०पी० ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।
बिड डाक्यूमेन्ट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कालम 5 के अनुसार केवल नेट बैकिंग के माध्यम से आनलाईन यू०पी० ई–टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।
निविदा आनलाईन दिनांक 02.02.2026 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 09.02.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है।
उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश सं० 1/2018/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियन्ता
अयो0अम्बे0वृत्त लो.नि.वि., अयोध्या
For and on behalf of Governor of U.P.

उ0प्र0 244996 दिनांक- 30.01.2026
Website: www.upgov.nic.in

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलित किया गया

**आजमगढ़ ।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा कैम्प कार्यालय कलेक्ट्री कचहरी नगर पालिका रोड आजमगढ़ पर पार्टी के प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने संत शिरोमणि गुरु रविदास (रैदास) जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलित करते हुए कहा कि मध्यकालीन भारत के महान संत,कवि और सामाज सुधारक थे! जिन्होंने जाति -पाति के भेदभाव को मिटाकर मानवतावादी एवं सामान्यता का संदेश दिया! 14वीं -15वी सदी के बीच उत्तर प्रदेश वाराणसी के गोवर्धन गांव के माघ पूर्णिमा को हुआ था उनके पिता नाम संतोख दास(रग्घु) माता का नाम कर्मा देवी (कलसा) के यहां जन्मे वे एक निर्गुण संत थे जीनके पद दोहे ÷गुरु ग्रंथ साहिब÷ सहित अनेक संकलनो में पुजनिय है जो प्रेम भक्ति और कर्म की प्रधानता सीखते थे उनकी मृत्यु मुख्य रूप से 1528-1540ईस्वी के आस पास वाराणसी उत्तर प्रदेश में माना जाता है अपने अंतिम समय में वाराणसी में ही अत्यधिमीक रूप से अपने प्राण त्यागे थे ! उनका एक सारांश जो बहुत ही प्रचलित है ÷मन सच्चा तों कठौती में गंगा आज उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके विचारधाराओं में चलने का संकल्प लिया गया! कार्यक्रम के समय एक दर्जन लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम की अध्यक्षता अच्छेलाल विश्वकर्मा एवं संचालन सरिता गौतम ने किया! कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण पुष्पागौतम, सुलेखा यादव, सुनीता भारती, फुला यादव, मनीता सोनी, गिरजाचौहान, दीपक जायसवाल, सौदागर चौहान, रामसरन राम समेत आदि लोगों ने पुष्प अर्पित किया।

# चार दिन पूर्व घर से गायब बालक की हत्या कर नदी में फेंका

**बलिया।** सहतवार थाना क्षेत्र चांदपुर नई बस्ती के पास सरयू नदी में चार दिन पूर्व गायब 10 वर्षीय बालक की हत्या कर बदमाशों ने नदी शव फेंक दिया था। शनिवार को नदी में उतराए शव को स्थानीय लोगों ने देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के सिंगही निवासी चंदन प्रजापति के पुत्र अभिषेक प्रजापति के रूप में की। इसकी खबर लगते ही क्षेत्र में खलबली मच गई, मौके पर भारी भीड़ जुट गई। किसी भी अप्रिय घटना को लेकर सहतवार के अलावा रेवती, बांसडीह की पुलिस मुस्तैद है। परिजनों का रोते -रोते बुरा हाल रहा। सिंगही निवासी चंदन प्रजापति के पुत्र अभिषेक प्रजापति घर से 25 जनवरी को घर से गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन के बावजूद सुराग न लगने पर दादा गणेश प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया कर खोजबीन में जुट गई।

# राज्य स्तरीय लोक नृत्य में प्रथम आने पर रोहिणी का हुआ स्वागत



**आजमगढ़।** जनपद की होनहार बेटी रोहिणी श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का मान सम्मान बढ़ाया है, इससे पूर्व वह तहसील, जिला एवं मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रेरणा स्थल लखनऊ मे संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसे सम्मानित भी किया गया। जनपद आजमगढ़ आगमन पर रोहिणी श्रीवास्तव व उनके पिताजी बृजेश श्रीवास्तव जी (सप्रधानाध्यापक) का सिविल लाइंस स्थित कैंप कार्यालय पर सूरज प्रकाश श्रीवास्तव निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा लालगंज आजमगढ़ के द्वारा स्वागत अभिनंदन कर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा की जनपद में हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय बनने से यहाँ के बच्चों के अंदर संगीत व नृत्य की प्रतिभा का और विकास हुआ है, उन्हें सही मार्गदर्शन व प्रशिक्षण मिला है, निश्चित ही यहाँ के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे, रोहिणी श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर पूरा जनपद गौरवान्वित है। रोहिणी श्रीवास्तव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, भाई व गुरुजनों को दिया और कहा की उनके सहयोग के बिना मै कभी राज्य स्तर पर नहीं जीत पाती। इस अवसर पर स्वाभिमान मंच के रजनीश श्रीवास्तव, भाजपा नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिंहा, अरविंद चित्रांश, मयंक कुमार श्रीवास्तव,अमन श्रीवास्तव, राज सिंह उपस्थित रहे। सभी ने रोहिणी के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 236 मरीजों का हुआ उपचार



स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 236मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक विवेक खरे ने कुल 52 मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 41मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 48मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 46मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 236 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फर्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल,स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

# सपा कार्यालय में मनाई गई संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार की जयंती



स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर। समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक व

**मन चंगा, तो कठौती में गंगा' की कहावत का किया गया जिक्र**

संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार जयंती जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट के प्रांगण में रविवार को आयोजित हुई। इस अवसर पर संत रविदास एवं संत नरहरी दास सोनार के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये जयंती मनाई और गोष्ठी कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा संत रविदास जी की कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रविदास जी की रचनाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं। इन्हीं में से एक है मन चंगा, तो कठौती में गंगा' इसका अर्थ है कि यदि मन शुद्ध है, नीयत अच्छी है तो वह कार्य गंगा के समान पवित्र है। कहा कि संत नरहरी दास सोनार गोस्वामी तुलसीदास के गुरू थे जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की। गोस्वामी तुलसीदास को रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा नरहरी दास से ही मिली थी। वे भगवान शिव और विष्णु के महान भक्त तथा शिव उपासक थे। उन्होंने कहा कि यह अवसर समाज में एकता भक्ति व भेदभाव मिटाकर ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देता है। यह समाज को एकजुट करने और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रतीक है। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। गोष्ठी में अशोक यादव, मुन्नी यादव, आशीष यादव, डॉ शक्ति श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, रामजी मौर्या, सुनील पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, राणा प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव, रवि सोनकर, जुम्मन खान, जैनेन्द्र सिंह, आशीष राय, विजय सिंह पटेल, भरतलाल बिन्द, अनीष खान, वन्दना गुप्ता, रामराज यादव, सौरभ सिंह, राहुल यादव, अशोक यादव, बबलू शुक्ला, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहें।

## गरम पानी गिरने से महिला का पैर झुलसा

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी महिला रविवार की सुबह गरम पानी से दाहिना पैर झूलस गया महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी राम मनोरथ की 37 वर्षीय पत्नी रीना देवी घर में भगौना मे पानी गरम कर घर में लेकर जा रही ठीक की पानी दाहिने पैर में झूलस गई। महिला के चीख पुकार सुनकर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया है। उपचार के बाद महिला को उसके परिजनों द्वारा घर लेकर चले गए है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की गरम पानी से महिला का दाहिना पैर झूलस गया थां परिजनों द्वारा उपचार के लिए लाया गया था उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया हैं। महिला के परिजन घर लेकर चले गए।

## जनजाति सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यमंत्री व एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के मनिगढ़ा के इनारी टोला में सेवा समर्पण संस्थान संबद्ध अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम मिर्ज़ापुर के तत्वाधान में 2 फ़रवरी को जनजाति सम्मेलन व संस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव सिंह गौड़ राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग व विशिष्ट अतिथि एससी एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी सेवा समर्पण के प्रमोद पाण्डेय ने दी है।

## भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : प्रेम मूर्ति महराज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थानाक्षेत्र के बबुरा कलां गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन रविवार को वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण की लीलाओं, उद्धव गोपी संवाद व भगवान कृष्ण और रूक्मिणी के विवाह की कथा का भक्तों को अमृतपान कराया। कथा व्यास ने कहा कि भगवान निराकार हैं और सभी जगह विद्यमान हैं। उद्धव और गोपी संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि उद्धव को अपने ज्ञान और बुद्धि पर बड़ा अभिमान था।वह प्रेम भाव को तुच्छ समझते थे। उद्धव के अभिमान को नष्ट करने तथा प्रेम व भक्ति का मर्म समझाने के लिए भगवान कृष्ण उद्धव को ब्रज में भेजते हैं। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम व भक्ति भाव देखकर उद्धव अपना ज्ञान भूल जाते हैं। कथावाचक ने कहा कि भगवान का स्मरण करने से ही संसार रूपी भव सागर को पार किया जा सकता है। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को भगवान की भक्ति के लिए प्रेरित करती है। प्रेम मूर्ति महराज ने भगवान कृष्ण और रूक्मिणी विवाह की कथा का मनोहारी वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता है।कथा के अंत में भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा यजमान इन्द्रकली मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्र शांति देवी, हरिशंकर मिश्र, आनंद नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त आईएएस मणि प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र,रमाकांत तिवारी, सूर्य प्रकाश मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

## पुत्री के गुम होने पर पिता ने मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरया गाँव निवासी लल्ला कोल ने रविवार को थाने मे तहरीर देकर पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की बीते 23 जनवरी को समय पांच बजे भोर जंगल में लकड़ी लेने मेरी पुत्री गई थी की जो वापस घर नही आई खोजबीन किया तो मालूम हुआ की की गाँव निवासी एक युवक मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गए है जिस पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की युवक की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सीनियर बैडमिंटन क्लब के जिला अध्यक्ष मनीष सर्राफ एवं जिला महामंत्री विनोद यादव के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगरपालिका के ईओ दिनेश यादव और शहर कोतवाल अनिल सिंह द्वारा किया गया।प्रतियोगिता का संचालन प्रशांत वर्मा ने किया।


स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मैं PUJA PAUDEL मेरे पति आर्मी नं0-JC-613575L, RANK-NB/SUB GIRI RAJ SUBEDI के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश PUJA SUBEDI दर्ज है जबकि सही नाम PUJA PAUDEL है।

सी.आर.-2548/ D-25

**सूचना**

BABLI SINGH WIFE OF NO-2610892N RANK-HAV, NAME-RAHUL KUMAR, PRESENTLY RESIDING AT VILL-POKHARAMA, PO-POKHARAMA, TEH-KAJRA, DISST-LAKHISARAY, STATE-BIHAR, PIN-811309, I HAVE CHANGE MY NAME FROM BABLI TO BABLI SINGH AS PER ADHAR RECORDS VIDE AFFIDEVIT DECLARACTION DATE 31-1-2026 ...ADVOCATE, AND NOTIRY..Keshav Ram Tiwari, Shahjahanpur up

सी.आर.-2548/ D-45

**सिटी लॉ कालेज**
सम्बद्ध डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

उक्त महाविद्यालय में विधि पंचवर्षीय हेतु निम्न प्रवक्ताओं की आवश्यकता है- :-

**अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं मनोविज्ञान में 1-1 पद एवं विधि विषय में 15 पद।**

उक्त पदों पर इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी अपने आवेदन दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति एवं अर्हता सम्बन्धी प्रपत्रों की एक-एक प्रतियां महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर पोस्ट द्वारा या ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करें। वेतन एवं अर्हता यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।

ग्राम लखबर बजहा पोस्ट प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी मो0 : 9369638650 / 8400133333
E-mail: cgclko.com@gmail.com


# धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कोन भरुहवा गांव में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। नव युवक समिति कोन भरुहवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जयंती समारोह को लेकर गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा। युवा समाजसेवी एवं ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी नदिहार के सुजीत पटेल ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुजीत पटेल ने कहा कि संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे। संत रविदास की जयंती युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करती है। हर साल की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिन्होंने भेदभाव रहित समाज की परिकल्पना की थी। उनके विचार आज भी समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास द्वारा दिया गया समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा का प्रतीक रहा है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज से कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। सुरेंद्र मौर्य ने बिरहा गीत गाकर संत रविदास की जयंती पर लोगों का मन मोह लिया लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी मौर्य ने किया। इस मौके पर समिति के राहुल, मुकेश कुमार, प्रवेश विश्वकर्मा, संदीप कुमार, अरुण मौर्य, संजय मौर्य, श्याम नारायण मौर्य ,गिरिजा मास्टर, शंभू मास्टर, कल्लू भारती, रमेश,समाजसेवी राजदीप पटेल उर्फ (राजू) सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# बहू के बंधक बनाए जाने पर परिवारजन परेशान, थाना से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया कला की बहू अपने मायके से ससुराल आने को हलिया थानांतर्गत कुशियरा से बुधवार को दोपहर निकली आज तक घर नहीं पहुंचने पर परिवारी जन परेशान है।पड़रिया कला के राधेश्याम कोल ने बताया कि मेरा लड़का बाहर जाकर काम करता है।बहू हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा अपने मायके गई थी जहा से बुधवार दोपहर प्राइवेट बस कुशियरा से मीरजापुर चलती है उसी पर मायके के लोग बैठा दिए मेरी बहू 24 वर्षीय गीता को दीपनगर बस से उतर कर पड़रिया कला घर पहुंचना था वह सो गई जिससे मीरजापुर चली गई। मिर्जापुर से बस वाले ने दूसरी बस पर बैठाया कि इसी से चली जाओ घर पहुंच जाओगी वह बैठ गई।उस बस में मेरी बहू को एक अज्ञात महिला मिली जो उसे साथ ले गई कि चलो हम तुम्हारे घर छोड़ देंगे। बहू घर नहीं पहुंची तो मायके फोन किया गया वहा से बताया गया कि गीता बुधवार को ही जा चुकी है फिर उसके पास जो नंबर था उस पर फोन किया गया तो वह आप बीती बताई कि एक विधवा महिला है वही अपने साथ मुझे रखी है। वह दिन में कही नौकरी करने जाती है मुझे घर में बंद कर जाती है फिर शाम को आने पर कमरे से बाहर निकलना होता है वह भी उसी महिला की निगरानी में ही रहना पड़ता है। मायके के लोग हलिया थाना में तहरीर दिए फिर भी कोई कार्यवाई नही की गई।मैं रविवार को थाना संतनगर गया जहा से भी मुझे घटना हलिया थाना क्षेत्र का बता कर वापस भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई सुशील त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित के बताए नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया किंतु फोन बंद था।घटना हलिया थाना क्षेत्र का है वही से नंबर सर्विलांस पर लगाने पर ही मामले की सही जानकारी हो पाएगी।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत लालगंज (मिर्जापुर)।** डॉ0 एस पी पटेल जी राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच अपना दल एस/अध्यक्ष भूमि विकास बैंक लालगंज मिर्जापुर के नेतृत्व में ग्राम प्रधान पड़रिया खुर्द राजेश पटेल के निर्देशानुसार कंपोजिट विद्यालय पड़रिया खुर्द, पटेहरा मड़िहान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 128 रोगियों की जॉच, उपचार एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिसमें ज्यादातर आँख , जोड़ों के दर्द तथा सर्दी खांसी एवं शुगर के रोगी देखे गए। कार्यक्रम में डॉ एम बी शर्मा, डॉ शालिनी सिंह, डॉ नवेन्दु पटेल, डॉ ओ पी सिंह, डॉ सुनील पाल एवं पैरामेडिकल सीमा मौर्य, दीपक मौर्य, संजीव प्रजापति एवं सरिता गौतम ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया, उक्त अवसर पर जोन अध्यक्ष रामलखन पटेल, जिला उपाध्यक्ष सहकारिता मंच मनोज कुमार सिंह (बबलू), दीनानाथ पटेल, शिवनारायन विश्वकर्मा, सत्येंद्र कोल, दयाशंकर मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत अदलहाट (मिर्जापुर)।** थाना अदलहाट पुलिस ने क्रिकेट खेलने के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया क्रिकेट बैट भी बरामद कर लिया है।

बीती 27 जनवरी 2026 को मदनपुरा निवासी जगदीश पटेल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उनके पुत्र अमन कुमार सिंह पर क्रिकेट खेलने के दौरान आरोपी ने बैट से सिर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अभयनारायण सिंह और रामकुमार यादव की टीम ने कठडीहा तिराहे के पास से आरोपी को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अरविन्द पटेल उर्फ भोला (पुत्र राजेन्द्र पटेल, निवासी मदनपुरा) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बैट बरामद कर लिया है जिससे अमन पर हमला किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## उच्च न्यायालय का सख्त आदेश: आपराधिक प्रवृत्ति वाले अधिवक्ताओं पर बार चुनाव लड़ने की रोक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के पंजीकरण को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिवक्ताओं के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं और जो वर्तमान में विचाराधीन हैं, वे बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। इस आदेश के तहत ऐसे मामलों की निगरानी (मॉनिटरिंग) की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार चिट्स फंड को सौंपी गई है।इसी क्रम में अधिवक्ता अजय कुमार सिंह का बार काउंसिल द्वारा किया गया पंजीकरण निलंबन उन्हें किसी भी बार चुनाव में प्रत्याशी बनने से वंचित करता है। हालांकि, वर्तमान में इस निलंबन आदेश पर स्थगन (स्टे) दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने बार काउंसिल को निर्देशित किया है कि वह इस प्रकरण में 12 सप्ताह की अवधि के भीतर अंतिम निर्णय ले।न्यायालय के इस आदेश को अधिवक्ता समुदाय में पारदर्शिता और नैतिकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने बजट 2026-27 को बताया विकसित भारत की मजबूत नींव

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को दर्शाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दुबे ने कहा कि यह बजट उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर आर्थिक विकास को गति देगा।मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने बताया कि 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' तेजी से आगे बढ़ रही है और बजट में हाई स्पीड रेल, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर व अस्पतालों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट को अधिवक्ताओं ने दी भावपूर्ण विदाई

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विजेश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को भावपूर्ण विदाई दी। सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार के भरे सभा कक्ष में अधिवक्ताओ ने उन्हें विदाई दी। प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने साढ़े 3 महीने के लिए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में यहां कार्यरत रहते हुए सेवानिवृत्त हुए । विदाई समारोह के दौरान सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन और महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव ने जिला जज को अंग वस्त्रम और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश विजेश कुमार ने कहा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के रूप में कार्य के दौरान कार्यालय के कर्मचारियों और बार का काफी सहयोग रहा। मौके पर सभी न्यायिक अधिकारी एडीजे प्रथम बाकर शमीम रिजवी,सीजेएम के.पी सिंह समेत वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश मिश्र, हरिद्वार राय, राजेंद्र राय, अमरनाथ सिंह, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार अश्क, निर्मला यादव, हरिशंकर पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# दुग्ध आउटलेट और 5 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज का किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** जनपद में कृषि और महिला स्वावलंबन को नई ऊंचाई पर ले जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने

### जिलाधिकारी ने किया नवचेतना एफपीओ का निरीक्षण

### किसानों को मिली कोल्ड स्टोरेज की सौगात

विकास खण्ड सीखड़ स्थित नवचेतना एफपीओ का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जागृति स्वयं सहायता समूह (यसएचजी) और नवचेतना के समन्वय से स्थापित एक आधुनिक मिल्क आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा केंद्र पर 5 मीट्रिक टन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का भी लोकार्पण किया गया। इस कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से टमाटर और मिर्च जैसी जल्दी खराब होने वाली फसलों की 'शेल्फ लाइफ' (भंडारण क्षमता) बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिल सकेंगे। जिलाधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उप निदेशक उद्यान मेवा राम के सहयोग से निर्मित यह कोल्ड स्टोरेज क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वयं सहायता समूह की दीदियों का बढ़ाया उत्साह**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने



वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) इकाई और कोल्ड स्टोरेज के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने वहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह की दीदियों और प्रगतिशील किसानों से संवाद करते हुए कहा कि, यदि एसएचजी और किसान एकजुट होकर काम करें, तो सीखड़ ब्लॉक के उत्पादों को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने समूह की महिलाओं को और अधिक सशक्त होने और उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उद्यान मेवाराम, जिला कृषि अधिकारी डॉ अवधेश यादव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ निरंतर प्रदान किया जा रहा है।


स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# बजट : सरकार की कमाई और खर्च, पूरी तस्वीर




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 53.47 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पेश किया इस बजट को आधार बना कर देखें तो हम यह समझ सकेंगे कि बजट के हर एक रुपये का कितना पैसा कहां से आया और कहां गया। बजट में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एक रुपये का 24 पैसा उधारी और अन्य प्रकार की देयताओं के जरिए जुटाया। इसके बाद सबसे ज्यादा राशि आयकर से आई। इस मद से सरकार को एक रुपये के 21 पैसे मिले। इसके बाद कंपनियों पर लगने वाले कर यानी निगम कर के जरिए सरकार ने एक रुपये के 18 पैसे जुटाए। इसके बाद माल और सेवा कर और अन्य करों की वसूली से सरकार को 15 पैसे से अधिक की आमदनी हुई। बजट 2025 के आंकड़ों के अनुसार, करों के अलावा अन्य स्रोतों से सरकार को एक रुपये के 10 पैसे मिले । वहीं, केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 6 पैसे और सीमा शुल्क से 4 पैसे की आमदनी हुई। उधार के अलावा अन्य स्रोतों से पूंजीगत प्राप्ति के तहत सरकार को एक रुपये में 2 पैसा मिला। आंकड़ों के अनुसार, सरकार के पास आने वाले हर एक रुपये में से 20 पैसे ऋणों की ब्याज अदायगी में खर्च होंगे । 22 पैसे करों और शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी के तौर पर दिए जाएंगे । सरकार ने अपने पास आने वाले एक रुपये में से 17 पैसे केंद्रीय योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे । 8 पैसे राज्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर खर्च होंगे। 11 पैसे रक्षा क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे । वित्त आयोग और अन्य मदों में भी 7 पैसे खर्च किए जाएंगे। आर्थिक सहायता के लिए 6 पैसे, पेंशन के लिए 2 पैसे, और अन्य मदों में सरकार के हर एक रुपये से 7 पैसे खर्च होंगे ।





## बाडडेन ने मेलोनी को छोड़ सबके तोहफे बांटे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ल्ड लीडर्स से मिले सारे तोहफे बांट दिए। लेकिन बाइडन ने एक तोहफा संभाल कर रखा है, जिसे इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उन्हें दिया था।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडन को कस्टम-डिजाइन स्टर्लिंग-सिल्वर ट्रेन सेट गिफ्ट किया था, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसे भी अपने पास नहीं रखा है। दुनिया भर के नेताओं ने जो बाइडन को उनके कार्यकाल के आखिरी साल में कई तोहफे दिए थे, जिसे उन्होंने बांट दिया। लेकिन इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के तोहफे के लिए उनके दिल में एक खास जगह है। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के पब्लिश किए गए रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि मेलोनी ने मार्च 2024 में बाइडन को 723 डॉलर की बुकेलाटी कफलिंक की एक जोड़ी थी। बाइडन ने अपने कार्यकाल की आखिरी रिपोर्ट में एक और तोहफे को अपने पास रखने का जिक्र किया, जो उन्हें 2023 में पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने दिया था।










## 'निपाह एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी'

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने चेतावनी दी है कि निपाह वायरस के मामले दुर्लभ हैं लेकिन गंभीर भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निपाह वायरस के प्रकोप से जुड़े मामले केवल भारत तक ही सीमित हैं। किसी अन्य देश से इनकी सूचना नहीं मिली है। घेब्रेयेसस ने एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस संक्रमण के दो मामले सामने आए है। वे 1998 में वायरस की पहली पहचान के बाद से इस राज्य में तीसरे मामले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अधिकारी 190 से अधिक संपर्कों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक किसी में भी यह बीमारी विकसित नहीं हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख की यह चेतावनी वैश्विक स्वास्थ्य संस्था द्वारा यह कहने के एक दिन बाद आई है कि वायरस के फैलने का जोखिम कम है। किसी भी यात्रा या व्यापार प्रतिबंध की कोई आवश्यकता नहीं है।

- डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा- इसके मामले भारत तक ही सीमित

